हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 3 अक्टूबर, 2024



## प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया, लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती को जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकरजी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकरजी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा, तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है। वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम। वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# साढ़े नौ हजार मनोकामना ज्योत होगी प्रज्ज्वलित, 9 सौ जवान करेंगे सुरक्षा, 5 सौ ट्रस्ट कर्मी देंगे मंदिर में सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आज से शुरू होने जा रहे नवरात्र पर्व को लेकर मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ भी सज गई है। इस नवरात्र में करीबन साढ़े नौ हजार भक्तों द्वारा मंदिर में मनोकामना ज्योत रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। हर रेंक के पुलिस अधिकारियों को यहां तैनात किया गया है। करीबन नौ सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी सुरक्षा में लगाई गई है। इसके अलावा नवरात्र के दौरान मंदिर समिति से जुड़े करीबन पांच सौ लोग भी अपनी सेवाएं देते नजर आएंगे।

आस्था एवं भक्ति के अद्भुत संगम एवं आकर्षक साज-सज्जा के साथ शुरू होने वाले देवी शक्ति के इस आराधना का आयोजन वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप होगा। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार ऊपर मंदिर में 8500 एवं नीचे मंदिर में 901 ज्योति कलश रखी जा रही है। माता के दरबार के 9 दिन तक चलने वाले महाआयोजन के होने वाले अनुष्ठान के अनुरूप नीचे मंदिर में आचार्य राजकमार महाराज एवं ऊपर मंदिर में आचार्य रघुनाथ महाराज के मुख्य उपस्थिति में बाहर से आए आचार्य एवं पंड़ितों द्वारा सप्तसती रणचंडी पाठ माताजी का विशेष अभिषेक, पंचमी, सप्तमी व अष्टमी हवन के अलावा पूरे पूजन का कार्यभार होगा।

**सोने-चांदी से भी सजावट** : डेढ़ करोड़ की लागत से डेढ़ सौ किलो चांदी के द्वार एवं दरवाजों की नक्काशी भी शोभा बढ़ाएगी। इस बार माताजी के दरबार में हाईटेक तकनीकी के पर्दे भी लगाए गए हैं। साथ ही माताजी के दरबार में दिल्ली से मंगाए गए आकर्षक झुमर भी दरबार की शोभा बढ़ाएंगे। इस बार माताजी के दरबार में चांदी के नक्काशी बर्तनों पर माताजी का भोग प्रसाद चढ़ाया जाएगा। माताजी के 500 ग्राम सोने के मुकुट के विशेष अभिषेक के साथ 9 दिन तक माता के विशेष दर्शन का लाभ दर्शनार्थियों को मिलेगा।

**शाम से ज्योत होगी प्रज्ज्वलित** : एकम की शाम 7 बजे से देर रात तक अखंड ज्योति कलश की स्थापना होगी। दरबार की सजावट इस बार भिलाई के कारीगरों के माध्यम से कलकता के सुगंधित फूलों के साथ होगी। बिलासपुर के तकनीशियन द्वारा हाईटेक लाईट की सजावट भी इस बार आकर्षण का केन्द्र रहेगी। माताजी के दरबार के स्तंभों में उड़ीसा के कारीगरों द्वारा बनाई गई कलाकृति भी मंदिर के आकर्षण को बढ़ाया है।

**ब्लॉक में 25 हजार ज्योत** : बम्लेश्वरी मंदिर में लगभग साढ़े 9 हजार मनोकामना ज्योत के अलावा शीतला मंदिर में 61 ज्योति कलशों की स्थापना के साथ 9 दिन तक माता की आराधना आदि शक्ति का पर्व की करेला, भंडारपुर, रेंगाकठेगरा, गढ़माता रामाटोला, कारीपाठ मंदिर, प्राचीन काली मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, रणचंडी मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित क्षेत्र के लगभग 100 शीतला देवी मंदिरों में 25 हजार ज्योति कलशों के साथ विशेष अनुष्ठान के स्वरूप माता की पूजा होगी। जिसमें लगभग 15 लाख दर्शनार्थी उपस्थिति दर्ज कराने का अनुमान लगाया जा रहा है।



## आज से नवरात्र पर्व
# सज गए माता देवालय पंडालों में भी तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्र पर्व पर कल 3 अक्टूबर को देवी मां के मंदिरों में आस्था के जोत प्रज्जवलित किए जाएंगे। वहीं पूजा पंडालों में देवी मां की मूर्तियां स्थापित की जाएगी। इस दौरान माता के जयकारों की गूंज रहेगी। श्रद्धा भक्ति का माहौल बना रहेगा। शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का पर्व क्वांर नवरात्र को लेकर अंचल में व्यापक तैयारियां की गई है। देवी मंदिरों में साज-सजावट के साथ ही ज्योति कलश स्थापित किए जाने की आज दिनभर तैयारी जारी रही। पूजा समितियों द्वारा पूजा पंडालों में देवी प्रतिमाएं स्थापित किए जाने संबंधी दिनभर तैयारियों में लोग जुटे रहे।



### मंदिरों में साज-सजावट

मंदिरों में जोत कलश प्रज्जवलित किए जाने की तैयारियां की जा रही है। शहर के मां शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, कालीमाई मंदिर पुराना बस स्टैंड, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर शंकरपुर, मां भानेश्वरी मंदिर सिंघोला, बंजारी मंदिर, महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन व साज-सजावट शुरू कर दिए गए हैं।

**पूजा पंडालों में विराजेंगी देवी प्रतिमाएं** : ज्ञात हो कि शहर के ममता नगर, तुलसीपुर, शंकरपुर, चिखली, स्टेशनपारा, नवागांव, मोतीपुर, पेंड्री, लखोली, बसंतपुर, बांसपाईपारा, दुर्गा चौक, ब्राम्हणपारा, जमातपारा, सोनारपारा, जयस्तंभ चौक, गंज मंडी सहित शहर के कई स्थानों पर देवी मां की प्रतिमा स्थापित किए जाने की तैयारी है। कुछ पूजा पंडालों में देवी प्रतिमाओं को लाया भी जा चुका है। वहीं कल सुबह से देर शाम तक देवी प्रतिमाओं को मूर्तिकारों के यहां से पूजा पंडाल तक लाने का क्रम बना रहेगा।

## शासन ने वसूली करने काट लिया समितियों का कमीशन
# जिले की 59 समिति में ढाई करोड़ का बारदाना घोटाला, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी शुरू होने से ठीक पहले जिले में बड़ा बारदाना घोटाला सामने आया है। जिले की 59 समितियों से करीबन साढ़े तीन लाख नग बारदाना गायब हो गए हैं। इनकी कीमत लगभग ढाई करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसको लेकर शासन ने जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। हालांकि बारदाना के शार्टेज आने पर मार्कफेड ने इन समितियों को दी जाने वाली कमीशन राशि में भी कटौती कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने वाली 94 धान खरीदी समितियों में से 59 समितियां ऐसी है, जहां बारदाने कम मिले हैं। बताया गया कि पिछले साल धान खरीदी के दौरान इन समितियों को बारदाने उपलब्ध कराए गए थे। अब जब इस बार की धान खरीदी से पहले बारदानों की जांच की गई तो सामने आया कि इन समितियों में लगभग साढ़े तीन लाख नग बारदाने कम हैं। ऐसे में शासन की ओर से जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बारदानों की कीमत अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से तय होती है। यह सभी मिलाकर जिले में करीब 2 करोड़ 47 लाख 93 हजार 257 रुपए का घोटाला उजागर हुआ है। जिसमें 9 लाख 34 हजार 721 बारदाना गायब है। इस बार भी सरकार बंगाल के जूट कॉर्पोरेशन से बारदाना खरीदी की तैयारी में है।

**डोंगरगढ़ 44 लाख की गड़बड़ी** : डोंगरगढ़ विकासखंड में अछोली में 6 लाख 98 हजार 528, कोलिहापुरी 6 लाख 51 हजार 940, ढारा 4 लाख 92 हजार 301, मुसराकला 4 लाख 78 हजार 300, मोहारा 4 लाख 44 हजार 957, रामाटोला 4 लाख 40 हजार 357, लाल बहादुर नगर 2 लाख 73 हजार 205, सीतागोटा 2 लाख 39 हजार 312, छीपा 1 लाख 85 हजार, बेलगांव 1 लाख 45 हजार, खुर्सीपार 01 लाख 41 हजार 450, बागरेकसा 01 लाख 25 हजार, मेढ़ा 55 हजार 375, मेढ़ा 51 हजार का कमीशन मार्कफेड ने काट लिया है।



### 65 लाख कमीशन काटा

राजनांदगांव विकासखंड की 13 समितियों के खिलाफ जांच के आदेश हुए है। इनमें पटेवा में 13 लाख 98 हजार 559, भैंसातरा 13 लाख 71 हजार 883, बम्हनी चारभांठा 10 लाख 45 हजार 489, उपरवाह 6 लाख 26 हजार 434, मुरमुंदा 5 लाख 99 हजार 346, बघेरा 3 लाख 14 हजार 405, सिंघोला 3 लाख 159, पद्मुमतरा 2 लाख 69 हजार 958, सोमनी 2 लाख 21 हजार 313, गठुला 01 लाख 34 हजार 436, चारभाठा 95 हजार 699, रानीतराई 92 हजार 733, रामपुर 63 हजार 582 रुपए का कमीशन मार्कफेड ने काटा है।

### छुरिया में 91 लाख के बारदाने नहीं मिले

बारदानों की गड़बड़ी का सबसे बड़ा मामला छुरिया का है। यहां बारदानों की क्षतिपूर्ति के लिए 91 लाख रुपए से ज्यादा का कमीशन काट लिया गया है। यहां की सड़क चिरचारी (खोभा) में 9 लाख 84 हजार 148, घुमका 8 लाख 23 हजार 850, चारभाठा (कु) 8 लाख 11 हजार 575, बादराटोला 7 लाख 37 हजार 268, छुरिया 6 लाख 88 हजार 795, कुमर्दा 5 लाख 95 हजार 914, गहिराभेड़ी 5 लाख 70 हजार 639, कुहीकला 5 लाख 35 हजार 814, कल्लूबंजारी 4 लाख 6 हजार 998, खुर्सीटिकुल 3 लाख 87 हजार 293, पांगरीखुर्द 3 लाख 85 हजार 157, लालूटोला 3 लाख 06 हजार 372, झितराटोला 2 लाख 68 हजार 472, शिकारीमहका 2 लाख 56 हजार 550, महाराजपुर 2 लाख 50 हजार 574, साल्हेटोला 2 लाख 48 हजार 997, गिदर्री 2 लाख 23 हजार 575, भर्रेगांव 2 लाख 1 हजार 568, रतनभाट 01 लाख 43 हजार 350, गैंदाटोला 01 लाख 17 हजार 371, भोलापुर 01 लाख 06 हजार 777, उमरवाह 48 हजार 450 रुपए की गड़बड़ी सामने आई है।

### डोंगरगांव में इन समितियों में जांच

डोंगरगांव विकासखंड में सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव में 16 लाख 34 हजार 342, अर्जुनी 10 लाख 37 हजार 637, कोहका 4 लाख 96 हजार 577, कोकपुर 4 लाख 58 हजार 581, दीवानभेड़ी 3 लाख 58 हजार 637, जोशीलमती 3 लाख 25 हजार 026, खुज्जी 01 लाख 51 हजार 675, खुर्सीपार 01 लाख 51 हजार 134, मटिया 61 हजार 424, तुमड़ीबोड़ 48 हजार 87 की वसूली की गई है।

## सट्टा-पट्टी के साथ पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में आरोपियों को पकड़कर सट्टा-पट्टी सहित नगदी रकम बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर नंदई चौक के पास आरोपी राहुल सोनकर 37 वर्ष निवासी नंदई को अपने पान ठेला में अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु कागज के टुकडों पर अंकों के सामने रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी नामक जुआ लिखते पकड़ा। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 2710 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी व 1 डाट पेन जब्ती किया गया। इसी तरह पुलिस ने नंदई चौक पान ठेला के पास आरोपी सागर सोनकर 36 वर्ष नंदई सोनकरपारा को अपने पान ठेला में अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु कागज के टुकडों पर अंकों के सामने रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी नामक जुआ लिखते पकड़ा। जिसके कब्जे से नगदी रकम 2330 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी व 1 डाट पेन जब्ती किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

# गंदगी हम ही करते हैं, कचरा फैलाने कोई दूसरे ग्रह से नहीं आता: डॉ.रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए स्वच्छता पखवाड़ा का आज समापन हुआ। समापन अवसर पर शहर के गांधी सभागृह में स्वच्छता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं शहर के लखोली क्षेत्र में गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन दोनों ही आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने शिरकत करते स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक आयोजित हुए स्वच्छता पखवाड़ा का आज समापन हुआ। समापन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शिरकत की। लखोली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होते डॉ. रमन सिंह ने यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं आयोजन में उपस्थित होकर उन्होंने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में पखवाड़ेभर अपनी सेवाएं देने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सराहना की। वहीं भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता अभियान के तहत जुड़ने वाले सदस्यों का सम्मान किया।



### रमन ने दिया स्वच्छता का संदेश

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शहर के गांधी सभागृह में आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह में डॉ. रमन सिंह ने शामिल होते यहां स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया। इस अवसर पर स्वच्छता का संदेश देते डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्वच्छता हमारे देश, गांव, शहर, मोहल्ले और घर के लिए जरूरी है। स्वच्छता से ही हमें बेहतर स्वास्थ्य मिलता है। उन्होंने कहा कि यही महात्मा गांधी कहा करते थे और यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में स्वच्छता का बेहतर वातावरण बना है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हमारे स्वभाव में परिवर्तन से ही स्वच्छता आएगी। गंदगी हम ही करते हैं, कचरा फैलाने दूसरे ग्रह से कोई नहीं आता है, इसलिए हम सबको इस अभियान से जुड़ना है।

### स्वच्छता कर्मियों का सम्मान

शहर के गांधी सभागृह में नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर स्वच्छता सम्मान का आयोजन किया गया। इस दौरान 15 दिनों तक जनभागीदारी से लोगों ने शहर के विभिन्न स्थलों की सफाई की। आज समापन अवसर पर 25 स्वच्छता दीदी और 25 अन्य स्वच्छता कर्मियों को आयोजन में सम्मानित किया गया है।









स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन पर स्वच्छता दूतों का सम्मान

# स्वच्छता की जागी अलख





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गांधी जयंती को स्वच्छता ही सेवा अभियान समापन हुआ। नगर प्रशासन ने कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूवात में नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने महात्मा गांधी के चित्र में पुष्प माला अर्पित किया। सीएमओ विनम्र जेमा ने विगत 10 वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर घर शौचालय निर्माण करने और नगर की सफाई व्यवस्स्था को दुरूस्त रखने के कारण ओडीएफ, ओडीएफ प्लस प्लस एवं डोर टू डोर कचरा संग्रहण, स्वच्छता रैंकिंग में नगर पंचायत को वन स्टार, थ्री स्टार रेटिंग मिली।

अध्यक्ष श्री निषाद ने स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता के संबंध में बताया। उन्होंने नगर को साफ सुथरा रखने में योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता मित्रों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में सीएमओ ने स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराया। इस दौरान स्वच्छता दीदी, सफाई मित्रों, स्वच्छता दूतों, आत्मानंद स्कूल के छात्र छत्राएं जिन्होंने निबंध, रंगोली, कविता, नारा प्रतियोगिता में भाग लिया एवं एक्सिस बैंक को मैराथन दौड़ में सहयोग के लिए को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद डीकेश साहू, रविंद्र मंडलोई रविंद्र साहू, आत्मानंद स्कूल के शिक्षक, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## बच्चों ने छेड़ा सफाई अभियान

प्राथमिक शाला सुखरी में गांधी जयंती श्रद्धा के साथ मनाया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शाला के शिक्षकों और छात्र छात्राओं ने शाला परिसर में बिखरे कूड़ा कचरा को साफ कर ग्रामीणों को अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखने का संदेश दिया।इस मौके पर प्रधानपाठक सपना भारद्वाज, शिक्षिका गिरजा साहू सहित बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे मौजूद थे।

## प्रज्ञागिरी में सफाई अभियान

**डोंगरगढ़।** गांधी जयंती के अवसर पर प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर के नेतृत्व में प्रज्ञागिरी बौद्ध तीर्थ की सीढियों, भगवान बुद्ध प्रतिमा स्थल प्रांगण में झाडू लगाकर सफाई किया गया। अभियान में प्रज्ञागिरी ट्रस्ट के शैलेंद्र डोंगरे, धीरज मेश्राम, सुरेश सहारे, धन्ना गनवीर, संतोष लांजेवार, अनिल मेश्राम, संजय रामटेके, प्रदीप टेम्बुरकर, करुणा डोंगरे, मयंक डोंगरे, पी. श्रीनिवास बाबू, डॉ. अम्बेडकर ओपन रोवर क्रू के किरण मेश्राम, युवराज साहू, किशन निषाद आदि शामिल हुए।

## स्वच्छता का लिया संकल्प

गांधी जयंती के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय में स्वच्छता अभियान अंतर्गत शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरूण जैन, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, प्राचार्य भारतलाल देवांगन, व्याख्याता आरके गणवीर, यादव राम कोठारी एवं अन्य ने गांधी की पूजन- अर्चन किया। तत्पश्चात स्वच्छता शपथ लिया गया। शाला प्रांगण की सफाई कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इसी प्रकार स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन, रासेयो प्रभारी बालक डॉ.आशाराम साहू के मार्गदर्शन में एक अक्टूबर को विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी से शपथ को सार्थक करने और ज्यादा से ज्यादा लोगों में स्वच्छता के भाव पैदा करने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. एके धमगाये, रेणुका ठाकुर, गणेश नेताम, शिवनाथ देवांगन, चंदन कुमार, आशा वर्मा, संध्या मेश्राम, चंदू वर्मा, एकलव्य साहू, खोमूदास, शिल्पी वासनिक, नारायण दास आदि उपस्थित थे। रासेयो के स्वयंसेवक दानेश्वर साहू, सत्यम वैष्णव, देवनारायण माली, खेमचंद साहू, झनक लाल, मुकेश कुमार, पूजा साहू, करीना, मुस्कान, डोमेश्वरी आदि ने उपस्थिति दर्ज कराया।

## ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**सोमनी।** ग्राम धीरी में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत चुहरी तालाब के पास एक घंटे श्रमदान कर सफाई किया गया। अभियान के तहत कूड़ा जमा होने वाले स्थानों की सफाई की गई। भविष्य में कूड़ा जमा न हो इसके लिए लोगों की आदत बदलने प्रत्येक शनिवार स्वच्छता तिहार का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम के सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल, नदी किनारे, घाट, नालियों की श्रमदान कर सफाई किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता नोडल अधिकारी मंजूषा सोनी, सरपंच मोरध्वज साव, नरोत्तम यादव, रवि यादव, उमेश्वरी सेन, ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वच्छताग्राही, ग्रामीण जन उपस्थित थे।

**घुमका।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायतों, स्कूलों, महाविद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता का संदेश देने स्कूली छात्रों के साथ रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रेरित किया।

जनप्रतिनिधियों ने झाडू थामकर चौक, चौराहे, बस स्टैंड एवं बाजार में सफाई किया। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ नंदकिशोर टंडन ने कर्मचारियों के साथ झाड़ू थामकर सफाई किया। पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इससे पहले सरपंच फूलमती वर्मा आदि ने गांधी चौक में स्थापित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ग्रामसभा के बाद सरपंच वर्मा ने स्वच्छता दीदियों को शाल, श्री फल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर गणपत दुबे, धनेंद्र सुलाखे, अश्वनी सिंह, पीयूष दुबे, दिलेश्वर वर्मा, राकेश वर्मा, राजेश वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, टुमन लाल वर्मा, प्रहलाद यादव आदि उपस्थित थे।






## मंदिर परिसर को साफ रखने का आह्वान

**डोंगरगढ़।** मंदिर परिसर की स्वच्छता और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए रोजाना सफाई व्यवस्था की गई है। बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने मंदिर परिसर के अलावा उपर मंदिर पहाड़ी क्षेत्र में सफाई बनाए रखने एवं प्लास्टिक डिस्पोजल, कैरी बैग का उपयोग नही करने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि 9 दिन तक चलने वाले नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर ट्रस्ट की ओर से भोग प्रसाद के रूप में मिश्रीदाना वितरित किया जाएगा। दर्शनार्थियों द्वारा चढाए गए भोग प्रसाद को भोग लगाकर वापस कर दिया जाएगा।

## पोषण माह पर गोद भराई का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका



महिला बाल विकास विभाग परियोजना ने सोमवार को पंचायत भवन में राष्ट्रीय पोषण माह का समापन समारोह आयोजित किया।

मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिलीप पटेल थे। अध्यक्षता सरपंच फूलमती वर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि पत्रकार इंद्रपाल सिंह थे। इस मौके पर अन्नप्राशन एवं गोद भराई किया गया। सुपोषण की जानकारी देने व्यंजनों एवं पौष्टिक अनाजों का प्रदर्शन किया गया। परियोजना अधिकारी शर्मा ने स्तनपान कराने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि दिलीप पटेल, अध्यक्ष सरपंच वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सिंह ने जागरूकता लाने किए जा रहे प्रयास की तारीफ की।






खबर संक्षेप

## पूर्व विधायक ने जताया संवेदना




**डोंगरगढ़।** जोरातराई में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गत दिनों 6 छात्रों सहित दो अन्य की मौत हो गई थी। 4 मृत छात्रों के दशगात्र कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं भुनेष्वर बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर संवेदना प्रकट किया।

## नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति



**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मिश्रित हाईस्कूल ने शाला से रेलवे स्टेशन तक मानव श्रृंखला बनाया। टिकट घर प्रांगण में स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं सभी शिक्षक शामिल हुए। यह जानकारी खेल प्रभारी मिलेंद्र टेंभुरकर ने दी।




## खबर संक्षेप

### योगा विभाग ने किया वृद्धों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के निर्देशन एवं योग शिक्षिका मंजू धनकर के नेतृत्व में योग साइंस के विद्यार्थियों ने 1 अक्टूबर को बछेराभाटा वृद्धाआश्रम में जाकर वृद्धजनों का सम्मान किया। उन्हें गमछा, ब्रेड, बिस्किट, केला वितरित कर हाल चाल जाना। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के संचालक एसजी मेश्राम, नलिनी मेश्राम सहित कुश मालेकर, अंजलि रामटेके, बबिता, संजय, शीतल, वोमेन्द्र, मोनिका, प्रीति, नीतू, कोमेश्वरी, इंगेश्वर, सोनिया रानी उपस्थित थे। तालुका विधिक सेवा समिति ने जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा में वृद्धजन दिवस मनाया। विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनीश दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी भूपत सिंह साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी शैलेश कुमार वशिष्ठ मार्गदर्शन में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों को विधिक जानकारी दी गई। अध्यक्ष ने बताया कि जो व्यक्ति भरण पोषण करने में असमर्थ हैं उसके भरण -पोषण करने दायित्व पुत्रों का है। भरण पोषण अधिनियम के तहत यदि माता-पिता भरण-पोषण करने में असमर्थ है तो पुत्र और पुत्री से भरण-पोषण प्राप्त करने के हकदार हैं। इस मौके पर पीएलवी अशोक पाण्डेय एवं पवन कुमार उपस्थित थे।

### चंद्रगिरी में मनाया अहिंसा दिवस

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ के प्रथम नवोदित श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरि अतिशय



तीर्थ में 2 अक्टूबर को सामूहिक क्षमावाणी पर्व एवं अहिंसा दिवस मनाया गया। दोपहर 2 बजे आचार्य श्री के समाधिस्थल पर आचार्य भगवन की पूजन ब्रह्मचारी नितिन भैया एवं दीपक भैया के मार्गदर्शन में गाजे बाजे के साथ किया गया। दोपहर बाद प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की बालिकाओं एवं जैन समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यागुरु संस्मरण सभा का आयोजन किया गया जिसमे भक्तों ने गुरूजी के ससंघ सानिध्य में बीते पलों को याद करते हुए अपने संस्मरण सुनाए। सामूहिक क्षमा याचना कार्यक्रम में सभी ने जाने अंजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना किया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन सहित राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, तिल्दा, बिलासपुर, भाटापारा, अकलतरा आदि स्स्थानों के सामाजिकजन मौजूद थे।

### निर्विरोध सदर चुने गए रफीक खत्री



**डोंगरगांव।** मुस्लिम समाज का प्रतिनिधित्व करने हमेशा सक्रिय रहने वाले रफीक खत्री को निर्विरोध सदर चुना गया है। सदर के चुनाव में रफीक खान के नाम का प्रस्ताव आने के पश्चात किसी ने भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत नही किया। सभी ने प्रस्ताव का स्वागत और समर्थन किया। रफीक खत्री के सदर चुने जाने पर समाज के प्रमुख डॉ. बशीर खान, जावेद खान, मो.अमीर निरबान, इकबाल तंवर, रियाजुद्दीन सोलंकी, एजाज हाशमी, रियाज हाशमी, इरफान कुरैशी, सद्दाम खत्री, महमदुल्लाह मास्टर, इकबाल हसन, नजीर तंवर, नफीस खान सहित अन्य ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया है।

# भाजपा राज में मिला पैसा, जनता को भ्रमित कर रहे कांग्रेसी

## स्व. राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनावरण को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजा देवव्रत की प्रतिमा अनावरण में उदासीनता मामले में भाजपा पर लगाए जा रहे अनर्गल आरोप कांग्रेस नेताओं का कुत्सित प्रयास है। जिला महामंत्री रामाधार रजक ने कहा कि पूर्व सांसद व विधायक राजा देवव्रत सिंह सिर्फ व्यक्ति, समाज या विशेष राजनैतिक दल के नेता नही थे वो जननायक थे और उनके साथ साथ पूरा परिवार ने क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा गंभीर रहा है। इंदिरा कला संगीत विवि की स्थापना को लेकर राजमहल का दान देकर उनके पूर्वजों ने अप्रतिम दानशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जिला मंत्री रामाधार रजक ने कहा कि राजा देवव्रत सिंह के प्रतिमा निर्माण, स्थल चयन और स्थापना तक की प्रक्रिया में अपनी गलती छिपाने कांग्रेसी भाजपा पर बेवजह निरर्थक आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान नपा क्षेत्रांतर्गत उपयुक्त स्थान पर राज देवव्रत सिंह की जीवंत मूर्ति स्थापना के लिए पचीस लाख रूपयों की प्रशासकीय स्वीकृति साथ पांच लाख रूपए पहले किश्त के रूप मे 22 मार्च 23 को मिल गया था।

### जीते जी सम्मान नही कर पाए कांग्रेसी

जिला महामंत्री रामाधार रजक ने कहा कि फरवरी 24 मे तत्कालीन नपा अध्यक्ष के इस्तीफे प्रकरण के चलते कुछ महीनो तक नपा मे काम प्रभावित रहा लेकिन सबका साथ सबका विकास की सोच को लेकर प्रदेश की सत्ता मे काबिज विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार ने क्षेत्रवासियों का राजा देवव्रत सिंह के प्रति अगाध स्नेह और आस्था समर्पण को देखते हुए 21 जून 24 को प्रतिमा निर्माण, स्थापना के लिए स्वीकृत प्रशासकीय स्वीकृति की अंतिम किश्त बीस लाख रूपए एक साथ जारी किया है, लेकिन जीवित रहते सम्मान नही करने वाले कतिपय कांग्रेसी आज राजनैतिक महात्वाकांक्षा पूरी करने दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के नाम का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा निर्माण, स्थापना सहित स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर मात्र पचीस लाख रूपयों की स्वीकृति मिली थी। कांग्रेस शासन काल मे स्वीकृति का ढोल पीटने और भाजपा नेताओं पर उदासीनता का आरोप लगाने वाले कांग्रेसियों को समझ आना चाहिए कि राशि सबका भला सोचने वाली भाजपा सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा कि देवव्रत सिंह सबके राजा थे इसलिए उनके जाने के बाद प्रतिमा अनावरण को लेकर अनावश्यक क्षुद्र राजनैतिक ढकोसला प्रेस विज्ञाकरने की जगह परिजनों और नपा प्रशासन से चर्चाकर वाजिब तिथि में भव्य रूप से अनावरण का कार्यक्रम तय किया जाए।

**ये है मामला**

सालभर से सिविल लाइन चौक मे कपड़ों में ढंकी राजा देवव्रत सिंह की आदमकद प्रतिमा के अनावरण को लेकर कांग्रेसियों ने बैठक मे निर्णय लिया कि दशहरे तक यदि प्रशासन प्रतिमा अनावरण को लेकर उचित फैसला नही ले पाया तो देवव्रत सिंह के पुत्र के हाथों प्रतिमा का अनावरण कराया जाएगा। बैठक मे जिला प्रशासन और नपा परिषद के जिम्मेदार प्रतिनिधियो व अधिकारियो की कार्यशैली और भाजपा नेताओं पर अनावरण को बाधित करने का आरोप लगाया था जिसके चलते रानी विभा सिंह और भाजपा जिला महामंत्री रामाधार रजक ने कांग्रेसियों को आईना दिखाया है।

### प्रतिमा अनावरण का हक नहीं है कांग्रेस को

राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनावरण को लेकर कांग्रेसियों की बैठक को पूरी तरह से गलत बताते हुए रानी विभा सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मूर्ति अनावरण को लेकर



कांग्रेसियों की कवायद पर रोक लगाने की मांग की है। कलेक्टर को लिखे पत्र मे रानी विभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा बैठक आयोजित कर प्रतिमा अनावरण करने की कवायद पूरी तरह से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे उनके पति के नाम का उपयोग करने का जरिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से नाता तोड़कर राजा देवव्रत सिंह जोगी कांग्रेस से विधानसभा का चुनाव जीतकर विधायक बने थे। अनावरण को लेकर आयोजित बैठक मे ज्यादातर वही लोग है जिन्होंने चुनाव के दौरान उनका विरोध किया था, लेकिन आज पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट को देखते हुए उनके पति की लोकप्रियता को भुनाने की कोशिश कर रहे है। रानी विभा सिंह ने कहा कि प्रतिमा निर्माण की स्वीकृति कांग्रेस दौर मे जरूर हुई लेकिन स्थापना से लेकर भुगतान तक का सारा काम भाजपा सरकार ने किया है इसलिए मौजूदा सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा ही प्रतिमा का अनावरण किया जाना सही होगा। उन्होने कहा कि नपा मे काबिज तत्कालीन कांग्रेसी प्रतिनिधियो ने 14 मार्च 24 मे भी उन्हें बिना जानकारी दिए अनावरण का प्रयास किया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा हेंडओवर नही किए जाने के कारण अनावरण नही हो पाया था। रानी विभा सिंह ने कहा कि स्व. राजा की प्रतिमा अनावरण करने से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को रोका जाए और अनावरण संबंधी किसी प्रकार की प्रक्रिया होने पर देवव्रत सिंह की धर्मपत्नि होने के नाते उन्हें जानकारी दी जाए।

## सदस्यता अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक लिया। मोहला मंडल के 94 बूथ और कौडीकसा के 57 बूथों में 30 सितंबर तक सदस्य बनाने की स्थिति की जानकारी लेकर बूथवार लक्ष्य को पूरा करने का योजना बनाया गया।

जिले मे नेट की समस्या को देखते हुए ऑनलाइन के साथ ऑफ़ लाइन सदस्य बनाने पर चर्चा की। बैठक में श्री जंघेल ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी आदि ने टारगेट पूरा करने का आग्रह किया। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू, नम्रता सिंह, खोबहरा यादव ने अपने विचार रखे। इस मौके पर लखन सलामे, रमेश हिडामे, नरसिंग भंडारी, शत्रुहन चुरेंद्र, रतन तारम, रामकृष्ण चंद्रवंशी, कमल तापड़यिा, झनक सोनवानी, संदीप साहू, शिवचरण अमरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्रि पर्व मंदिरों में व्यापक तैयारी

**पटेवा।** पटेवा सहित अंचल में शारदीय नवरात्रि पर्व की व्यापक तैयारियां की गई है। देवालयों का रंग रोगन कर सजाया गया है। दुर्गा पंडाल भी सजकर तैयार हो चुके हैं जहां दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। पटेवा के प्राचीन शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया जाएगा। बाजार चौक में मां दुर्गा, धनकर चौक एवं मानस मंच पर मां सरस्वती, लीला चौक में मां काली, मासूल रोड भांठा पारा में मां दुर्गा, शीतला चौक एवं अमलीखोर में मां अम्बे की मूर्ति स्थापित किया जाएगा। शनि मंदिर, शंकर मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना तैयारी की गई है। क्वांर नवरात्र की तृतीया को धनकर चौक




पर नाच, पंचमी को शीतला चौक में चुन्नी यात्रा एवं बाजार चौक पर रिकार्डिंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, सप्तमी को लीला चौक पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज

शीतला माता मंदिर के पास ढीमर समाज द्वारा बनाए गए शिव मंदिर में कल 3 अक्टूबर को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे भजनों के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

## मंत्री के आदेश पर अमल नहीं कर्मियों को नहीं मिला वेतन

- वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश के बाद भी नगर पंचायत के कर्मचारियों को एक तारीख को वेतन नहीं मिल सका है। मंत्री के आदेश पर अमल नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में मंत्री श्री साव ने सभी निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान 1 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से कर दें। मंत्री द्वारा अधिकारियों को निर्देश देने के बाद भी निकायो में 1 अक्टूबर को वेतन भुगतान नहीं किया जा सका है। गौरतलब है कि समय पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल को संचालक नगरीय प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था। हड़ताल के कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु निर्देशित किया था। वेतन भुगतान नहीं होने पर कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल करने की तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंकज मेश्राम तथा मोहम्मद शेर खान ने विभागीय मंत्री के निर्देश पर अमल नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि कई निकायों में 1 से 2 माह के वेतन का भुगतान लंबित है।






## खबर संक्षेप



### सज रहे दुर्गा पंडाल

**गंडई पंडरिया।** नगर में कई स्थानों पर आकर्षक दुर्गा पंडाल बनाया जा रहा है। दुर्गा प्रतिमा की स्थापना आगामी 3 अक्टूबर को किया जाएगा। दुर्गा समिति के सदस्य पंडाल को पूर्ण करने रात दिन जुटे है। देर रात तक पंडाल को सजाया संवारा जा रहा है। पंडरिया वार्ड 2 के मुकेश नामदेव सहित अन्य ने बताया कि पंडाल को सजाने के लिए एक हफ्ते से लगातार कार्य किया जा रहा है।

### चोरड़ाधाम में ज्योति कलश स्थापना आज



**सड़क अतरिया।** चोरड़ाधाम में गुरूवार से क्वांर नवरात्रि पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। नौ दिन तक भक्तिमय माहौल में माता रानी की आराधना किया जाएगा। अन्य धार्मिक आयोजन भी होंगे। इस संबंध में गत दिवस मंदिर समिति की बैठक में नौ दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया है। नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना किया जाएगा। आगामी 8 अक्टूबर को पंचमी तथा 11 अक्टूबर को महाष्टमी मनाया जाएगा। तत्पश्चात शोभायात्रा के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष आनंद पटेल, केशलाल मंडावी, गणेशराम वर्मा, माखन जंघेल, जितऊ पटेल, सगुन पटेल, गनपत पटेल, रजेलाल पटेल, बिसेलाल पटेल, खम्हन पटेल, सादराम पटेल, गोन्डु पटेल, बालाराम जंघेल, पंचु जंघेल, आत्मा मरई, राधेलाल जंघेल, भोले पटेल, मनहरण पटेल, विष्णु पटेल, ईश्वर पटेल, रजेलाल, शत्रुघन पटेल, लगनु पटेल, सावत विश्वकर्मा, बिरजू पटेल, भोले जंघेल, रामकुमार पटेल, मनहण पटेल शामिल हुए।

### कलश यात्रा के साथ होगा शतचण्डी यज्ञ का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति शक्तिधाम दुर्गा चौक के स्थापना के 75वां वर्ष होने के उपलक्ष्य में क्वांर नवरात्रि पर्व में दुर्गा पूजा के साथ बनारस के विद्वान आचार्यो एवं पंडितों पं. श्याम उपाध्याय की उपस्थिति में शत चण्डी महायज्ञ का धार्मिक आयोजन दुर्गा पंडाल प्रांगण दुर्गा चौक में 3 से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है । आज प्रथम दिवस बग्घी, बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा सुबह 10 बजे से निकाली जाएगी । आयोजन समिति द्वारा उक्त कलश यात्रा में समस्त भक्तजनों को शामिल होने की अपील की गई है । 9 दिनों तक चलने वाले इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गणमान्य आम नागारिकों तथा भक्तजनों से अपील की गई है । उक्त जानकारी समिति के सचिव रीतेश देवांगन द्वारा दी गई है।

## गायत्री विद्यापीठ मैदान में रहेगा रास गरबा उत्सव का जलवा

# रास-गरबा की आज से रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी नगरी में इस बार भी क्वांर नवरात्रि पर्व पर लायंस इंटरनेशनल सिटी राजनांदगांव -गरबा उत्सव 2024 की धूम रहेगी। मां दुर्गा की पूजा-आराधना के साथ मातारानी की शान में रास-गरबा व डांडिया नृत्य करने के शौकिनों के लिए शहर के गायत्री विद्यापीठ मैदान में गरबा उत्सव की रंगारंग छंटा बिखरेंगी। लोग बड़ी संख्या में डांडिया, रास गरबा कार्यक्रम में भाग लेकर मातारानी के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना के पुष्प अर्पित करेंगे।

लायंस गरबा चेयरमैन राजेश माखीजा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार लायंस के गरबा उत्सवों में तेज आवाज वाले डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसके स्थान पर बाहर से कलाकारों को बुलाकर लाईव म्युजिक द्वारा रंगारंग गरबा कार्यक्रम किया जा रहा है। आज से कंचनबाग में लाईव म्युजिक व रंग-बिरंगी लाइटिंग के बीच लायंस क्लब के रास-गरबा उत्सव की सतरंगी छंटा बिखरेगी।



### 9 दिनों तक आयोजन

लायंस क्लब गरबा उत्सव के अध्यक्ष तरणजीत सिंह अरोरा ने बताया कि इस बार लायंस क्लब कुछ विशेष करने जा रहा है। लायंस क्लब के बृजकिशोर सुरजन, तरणदीप आरोरा, शारदा तिवारी, राजा माखीजा, संतोष लोहिया आदि ने बताया कि इस बार राज इंपीरियल के बजाय शहर के बीच गायत्री विद्यापीठ स्कूल मैदान कंचनबाग में रास-गरबा उत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है। मातारानी की पूजा-आराधना के साथ नौ-दिनों तक अनवरत चलने वाले रास गरबा उत्सव में लाईव म्युजिक कार्यक्रम रंग-भरने जा रहा है।

### की गई जोरदार तैयारी

लायंस गरबा उत्सव के चेयरमैन राजा माखीजा, अध्यक्ष तरणजीत सिंह अरोरा, कोषाध्यक्ष संतोष लोहिया, सचिव डॉ. गिरिश श्रीवास्तव, लायन वाइस चेयरमैन शारदा तिवारी व एमजेएस राजकुमार शर्मा ने बताया कि 80 हजार स्क्वेयर फीट मैदान में आयोजित होने वाले गरबा उत्सव कार्यक्रम में रंग-भरने राजस्थान आदि से कलाकार आ रहे हैं। गरबा स्थल व मंच की सजावट के लिए मुंबई की टीम का सहयोग लिया गया है। लायंस क्लब द्वारा इसकी जोरदार तैयारी की गई है। बताया गया है कि नवरात्रि के प्रथम दिन 3 अक्टूबर को लायंस क्लब के रास-गरबा उत्सव कार्यक्रम की भव्य एवं दिव्यता दोनों देखने को मिलेगी। गायत्री विद्यापीठ के मैदान में नवरात्रि के नौ-दिनों तक लायन गरबा उत्सव का सतरंगी जलवा देखने को मिलेगी।

## श्री बागेश्वरधाम में पदयात्रियों का तिलक से होगा स्वागत

**राजनांदगांव।** 3 अक्टूबर से नवरात्र पर्व प्रारंभ होने पर संयुक्त पदयात्री पंडाल श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, श्री बालरत्न सेवा समिति मंच, दीया संघटन, गायत्री परिवार व नगर की कस्तूरबा मंडल सहित अन्य सेवाभावी संस्थाओं के साथ पदयात्रियों के रूकने व सेवा आयोजन की रूपरेखा तय करने श्री बागेश्वर उत्सव भवन में बैठक आयोजित की गई। उक्त जानकारी देते संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल व सूरज गुप्ता ने बताया कि बैठक का आरंभ उपस्थितजनों को तिलक लगाकर स्वागत कर किया गया। बैठक में सर्वप्रथम आयोजन की विस्तृत जानकारी पंकज गुप्ता द्वारा दी गई। आयोजन में समाजसेवी डॉ. डीसी जैन, शारदा तिवारी, हेमंत तिवारी, अमलेन्दु हाजरा, प्रज्ञा गुप्ता, हरजीव सिंह भाटिया, मयंक शर्मा, शरद गुप्ता, सोहन गुप्ता, अनीता जैन, साधना तिवारी, रामावतार जोशी, मौसमी शर्मा, विकास नारायण आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते डिस्पोजल के स्थान पर केले के पत्ते में अधिकाधिक प्रसादी वितरण किया जाएगा। जिसके लिए आम नागारिकों



से अपील की गई कि जिनसे भी केले के पत्ते की व्यवस्था हो सकती है, वे बागेश्वर धाम मंदिर में पहुंचा दें। इसी प्रकार सनातन संस्कृति के अनुसार पदयात्रियों का स्वागत तिलक लगाकर किया जाएगा। उन्हें पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी श्री पाम्पलेट व सूचना फलैक्स के माध्यम से दी जाएगी। अंत में उपस्थितजनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। बैठक का संचालन सौरभ खंडेलवाल व आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में मधु खंडेलवाल, महेश शर्मा, शैलन्द्र तिवारी, लक्ष्मी गुप्ता, मनीष यादव, अजय गुप्ता, मधु अग्रवाल, शोभा चोपड़ा, विकास गुप्ता, विकास गुप्ता संपत, सौरभ गुप्ता गोल्डी, यशोदा गुप्ता समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी समिति प्रचार-प्रसार प्रभारी ईश्वर साहू ने दी।

## अग्रसेन जयंती आज, शहर में निकलेगी शोभायात्रा

- समाज के मेधावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्री अग्रसेन की 5148वीं जयंती कल 3 अक्टूबर को अग्रवाल समाज द्वारा श्रद्धापूर्वक, पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। अग्रसेन भवन में दोपहर 3 बजे आयोजित जयंती महोत्सव के मुख्य अतिथि नेतराम अग्रवाल समाजसेवी भिलाई होंगे। समारोह की अध्यक्षता सुनील शंकर लाल अग्रवाल समाजसेवी कामठी महाराष्ट्र करेंगे।

इसी तरह अपने जीवन के सत्तर बरस पूर्ण करने वाले समाज के वरिष्ठ सदस्यों में सुरेश कुमार अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल लक्ष्मीचंद्र अग्रवाल एवं श्रीमती सावित्री देवी खोखरिया, श्रीमती चंद्रकला अग्रवाल तथा श्रीमती पुष्पादेवी अग्रवाल का सम्मान किया जाएगा। अग्रवाल समाज के मेधावी विद्यार्थियों को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अंत में महाप्रसादी के साथ जयंती समारोह संपन्न होगा।

### कई प्रतियोगिताएं होगी आयोजित

मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इसके पहले फूलों की माला बनाओ तथा आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता महिला मंडल द्वारा आयोजित की जाएगी। भगवान श्री अग्रसेन की पूजा-अर्चना के साथ समारोह प्रारंभ होगा। अपने जीवन में संघर्ष से सफलता के अनथक प्रयास के साथ नारी गरिमा और अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली राजनांदगांव की बेटी स्व. श्रीमती गीता देवी अग्रवाल की जीवंत तस्वीर का अनावरण अतिथियों द्वारा किया जाएगा। विवाह की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दंपत्ति श्याम सुंदर पुष्पादेवी लोहिया एवं सत्यनारायण पुष्पा देवी अग्रवाल (गैंदाटोला वाले) का सम्मान किया जाएगा।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया, सचिव रीना अग्रवाल, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल ने अग्र बंधुओं से जयंती महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

## कैडेटों ने मनायी गांधी व शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कमान अधिकारी 38 छग बटालियन एनसीसी राजनांदगांव के निर्देशन में 2 अक्टूबर को शहर के स्टेट हाईस्कूल के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली शहर के गुरुद्वारा चौक, भगत सिंग चौक से होते हुए स्टेट स्कूल प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई।

**गांधी-शास्त्री के दिखाएं मार्ग पर चलने का संदेश**

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों ने भी महात्मा गांधी के स्वच्छता अभियान को लेकर संबोधित किया। वहीं महात्मा गांधी के दिखाए अहिंसा के रास्ते और शास्त्री के श्लोगन जय जवान जय किसान को जीवन में चरितार्थ करने की सभी से अपील की। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत, पूर्व एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव, पूर्व कैडेट रुषी मिर्जा, शाहिद समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।




### दिया स्वच्छता का संदेश

गांधी जयंती के अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने शाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और परिसर की साफ-सफाई की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के स्वच्छता अभियान जिला संयोजक शिव वर्मा एवं भूतपूर्व वायु सैनिक गुरमीत सिंग भाटिया भी उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

### रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**मोहला।** कलेक्टर एस. जयवर्धन ने नगर पालिका निर्वाचन के अंतर्गत नगर पंचायत अं. चौकी में निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। एसडीएम मोहला को रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीएमओ को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

**आवश्यकता है**

1. कम्प्यूटर ऑपरेटर (पीजीडीसीए एवं अनुभवी) - 3 पद
2. सर्वेयर - 4 पद
3. मेकेनिक (अनुभवी को प्राथमिकता) - 2 पद
4. वाहन चालक (अनुभवी को प्राथमिकता) - 4 पद

समस्त दस्तावेज के साथ स्वयं संपर्क करें।

मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

**AGRASEN B.ED COLLEGE**
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
**APPOINTMENT**

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and 2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and 3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and 4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR 1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and 2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

**मैसी ट्रैक्टर्स का नया शो रूम**

दुर्गा पूजा, धनतेरस और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं
इस उत्सव में, मैसी लो ज़बरदस्त जैकपॉट जीतो।
MASSEY FERGUSON
MF 7235 DI I 35HP रेंज (25.74 kW)
₹55 7235/-*
मैसी जैकपॉट
लकी ड्रा स्कीम
1 सितम्बर - 30 नवम्बर 2024
1ST प्राइज़ मारुति ऑल्टो - 1 नंबर
2ND प्राइज़ बुलेट 2 नंबर्स
3RD प्राइज़ बाइक्स 3 नंबर्स
4TH प्राइज़ रेफ्रिजरेटर 11 नंबर्स
5TH प्राइज़ एलईडी टीवी 15 नंबर्स
6TH प्राइज़ स्मार्ट फोन 21 नंबर्स
निश्चित उपहार
*नियम व शर्तें लागू। कीमतें सिर्फ ट्रैक्टर्स की हैं। एक्सेसरीज, रेजिस्ट्रेशन, इन्श्योरेंस, फाइनांस शुल्क अतिरिक्त। कीमत एक्सचेंज ऑफर पर लागू नहीं। यह स्कीम छत्तीसगढ़ डीलरों के सौजन्य से।
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के अधिकृत विक्रेता
**आकाश एग्रो**
विवेकानंद स्कूल के सामने, छुईखदान रोड खैरागढ़, मो. 9098600787, 9425560651, 9407610051

**Health Town**

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


HONDA
नवरात्रि एवं दिपावली की
हार्दिक शुभकामनायें
मनाये यह त्यौहार
मनराज होंडा
के साथ
MICROVAVE
IRON
Telivision
MIXTURE GRINDER
REFREGIRATOR
Scratch and Win!
PRIZE
BRING HOME
YOUR FAVORITE
Honda 2 Wheeler
Redmi 9A
MOBILE PHONE
TROLLY BAG
WASHING MATCHIN
ऑफर के साथ
आकर्षक* डिस्काउंट
आकर्षक* ऑफर
EX-SHOWROOM PRICE
₹65,100/-
Shine
100cc
ACTIVA
EX-SHOWROOM PRICE
₹78,049/-
2100* तक का एक्सचेंज बोनस
★ हर गाड़ी की बुकिंग पर
हेलमेट फ्री
2100* तक का आकर्षक डिस्काउंट
★ होंडा की हर गाड़ी की खरीदी पर पाये आर्कषक उपहार और पाये डिस्काउंट का फायदा।
★ मात्र 4,999 कि डाउन पेमेंट में ले जाये अपने सपनो की गाड़ी 8.99% की ब्याज दर के साथ
http://www.manrajhonda.com manrajhondarjn manrajhondarjn
पाताल भैरवी मंदिर के पास, नागपुर नाका, डॉमिनोज के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
SALES : 07744223333 , 8435999991,2 SERVICE :07744223434, 8435999993,4




अधिकृत विक्रेता - **जैन मोटर्स** स्टेट हाईवे,कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांच:- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव,
अंबागढ़ चौकी 8103024569 । चिचोला । गण्डई

संपर्क 9977184777, 8120006476, 9406011166 । सर्विस:- 8120006480, 8120001601

अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर- खैरागढ़ (02), राजनांदगांव (02), अंबागढ़ चौकी (01)/ ड्राईवर- राजनांदगांव (01), खैरागढ़ (01) की आवश्यकता है।
**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें: 8120006476, 9977184777**

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 3 अक्टूबर, 2024



## प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया, लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती को जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकरजी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकरजी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा, तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है। वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम। वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# साढ़े नौ हजार मनोकामना ज्योत होगी प्रज्ज्वलित, 9 सौ जवान करेंगे सुरक्षा, 5 सौ ट्रस्ट कर्मी देंगे मंदिर में सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आज से शुरू होने जा रहे नवरात्र पर्व को लेकर मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ भी सज गई है। इस नवरात्र में करीबन साढ़े नौ हजार भक्तों द्वारा मंदिर में मनोकामना ज्योत रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। हर रेंक के पुलिस अधिकारियों को यहां तैनात किया गया है। करीबन नौ सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी सुरक्षा में लगाई गई है। इसके अलावा नवरात्र के दौरान मंदिर समिति से जुड़े करीबन पांच सौ लोग भी अपनी सेवाएं देते नजर आएंगे।

आस्था एवं भक्ति के अद्भुत संगम एवं आकर्षक साज-सज्जा के साथ शुरू होने वाले देवी शक्ति के इस आराधना का आयोजन वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप होगा। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार ऊपर मंदिर में 8500 एवं नीचे मंदिर में 901 ज्योति कलश रखी जा रही है। माता के दरबार के 9 दिन तक चलने वाले महाआयोजन के होने वाले अनुष्ठान के अनुरूप नीचे मंदिर में आचार्य राजकमार महाराज एवं ऊपर मंदिर में आचार्य रघुनाथ महाराज के मुख्य उपस्थिति में बाहर से आए आचार्य एवं पंड़तों द्वारा सप्तसती रणचंडी पाठ माताजी का विशेष अभिषेक, पंचमी, सप्तमी व अष्टमी हवन के अलावा पूरे पूजन का कार्यभार होगा।

**सोने-चांदी से भी सजावट :** डेढ़ करोड़ की लागत से डेढ़ सौ किलो चांदी के द्वार एवं दरवाजों की नक्काशी भी शोभा बढ़ाएगी। इस बार माताजी के दरबार में हाईटेक तकनीकी के पर्दे भी लगाए गए हैं। साथ ही माताजी के दरबार में दिल्ली से मंगाए गए आकर्षक झुमर भी दरबार की शोभा बढ़ाएंगे। इस बार माताजी के दरबार में चांदी के नक्काशी बर्तनों पर माताजी का भोग प्रसाद चढ़ाया जाएगा। माताजी के 500 ग्राम सोने के मुकुट के विशेष अभिषेक के साथ 9 दिन तक माता के विशेष दर्शन का लाभ दर्शनार्थियों को मिलेगा।

**शाम से ज्योत होगी प्रज्ज्वलित :** एकम की शाम 7 बजे से देर रात तक अखंड ज्योति कलश की स्थापना होगी। दरबार की सजावट इस बार भिलाई के कारीगरों के माध्यम से कलकता के सुगंधित फूलों के साथ होगी। बिलासपुर के तकनीशियन द्वारा हाईटेक लाईट की सजावट भी इस बार आकर्षण का केन्द्र रहेगी। माताजी के दरबार के स्तंभों में उड़ीसा के कारीगरों द्वारा बनाई गई कलाकृति भी मंदिर के आकर्षण को बढ़ाया है।

**ब्लॉक में 25 हजार ज्योत :** बम्लेश्वरी मंदिर में लगभग साढ़े 9 हजार मनोकामना ज्योत के अलावा शीतला मंदिर में 61 ज्योति कलशों की स्थापना के साथ 9 दिन तक माता की आराधना आदि शक्ति का पर्व की करेला, भंडारपुर, रेंगाकठेगरा, गढ़माता रामाटोला, कारीपाठ मंदिर, प्राचीन काली मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, रणचंडी मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित क्षेत्र के लगभग 100 शीतला देवी मंदिरों में 25 हजार ज्योति कलशों के साथ विशेष अनुष्ठान के स्वरूप माता की पूजा होगी। जिसमें लगभग 15 लाख दर्शनार्थी उपस्थिति दर्ज कराने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## आज से नवरात्र पर्व



# सज गए माता देवालय पंडालों में भी तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्र पर्व पर कल 3 अक्टूबर को देवी मां के मंदिरों में आस्था के जोत प्रज्जवलित किए जाएंगे। वहीं पूजा पंडालों में देवी मां की मूर्तियां स्थापित की जाएगी। इस दौरान माता के जयकारों की गूंज रहेगी। श्रद्धा भक्ति का माहौल बना रहेगा। शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का पर्व क्वांर नवरात्र को लेकर अंचल में व्यापक तैयारियां की गई है। देवी मंदिरों में साज-सजावट के साथ ही ज्योति कलश स्थापित किए जाने की आज दिनभर तैयारी जारी रही। पूजा समितियों द्वारा पूजा पंडालों में देवी प्रतिमाएं स्थापित किए जाने संबंधी दिनभर तैयारियों में लोग जुटे रहे।



### मंदिरों में साज-सजावट

मंदिरों में जोत कलश प्रज्जवलित किए जाने की तैयारियां की जा रही है। शहर के मां शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, कालीमाई मंदिर पुराना बस स्टैंड, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर शंकरपुर, मां भानेश्वरी मंदिर सिंघोला, बंजारी मंदिर, महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन व साज-सजावट शुरू कर दिए गए हैं।

**पूजा पंडालों में विराजेंगी देवी प्रतिमाएं :** ज्ञात हो कि शहर के ममता नगर, तुलसीपुर, शंकरपुर, चिखली, स्टेशनपारा, नवागांव, मोतीपुर, पेंड्री, लखोली, बसंतपुर, बांसपाईपारा, दुर्गा चौक, ब्राम्हणपारा, जमातपारा, सोनारपारा, जयस्तंभ चौक, गंज मंडी सहित शहर के कई स्थानों पर देवी मां की प्रतिमा स्थापित किए जाने की तैयारी है। कुछ पूजा पंडालों में देवी प्रतिमाओं को लाया भी जा चुका है। वहीं कल सुबह से देर शाम तक देवी प्रतिमाओं को मूर्तिकारों के यहां से पूजा पंडाल तक लाने का क्रम बना रहेगा।

## शासन ने वसूली करने काट लिया समितियों का कमीशन

# जिले की 59 समिति में ढाई करोड़ का बारदाना घोटाला, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी शुरू होने से ठीक पहले जिले में बड़ा बारदाना घोटाला सामने आया है। जिले की 59 समितियों से करीबन साढ़े तीन लाख नग बारदाना गायब हो गए हैं। इनकी कीमत लगभग ढाई करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसको लेकर शासन ने जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। हालांकि बारदाना के शार्टेज आने पर मार्कफेड ने इन समितियों को दी जाने वाली कमीशन राशि में भी कटौती कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने वाली 94 धान खरीदी समितियों में से 59 समितियां ऐसी है, जहां बारदाने कम मिले हैं। बताया गया कि पिछले साल धान खरीदी के दौरान इन समितियों को बारदाने उपलब्ध कराए गए थे। अब जब इस बार की धान खरीदी से पहले बारदानों की जांच की गई तो सामने आया कि इन समितियों में लगभग साढ़े तीन लाख नग बारदाने कम हैं। ऐसे में शासन की ओर से जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बारदानों की कीमत अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से तय होती है। यह सभी मिलाकर जिले में करीब 2 करोड़ 47 लाख 93 हजार 257 रुपए का घोटाला उजागर हुआ है। जिसमें 9 लाख 34 हजार 721 बारदाना गायब है। इस बार भी सरकार बंगाल के जूट कॉर्पोरेशन से बारदाना खरीदी की तैयारी में है।

**डोंगरगढ़ 44 लाख की गड़बड़ी :** डोंगरगढ़ विकासखंड में अछोली में 6 लाख 98 हजार 528, कोलिहापुरी 6 लाख 51 हजार 940, ढारा 4 लाख 92 हजार 301, मुसराकला 4 लाख 78 हजार 300, मोहारा 4 लाख 44 हजार 957, रामाटोला 4 लाख 40 हजार 357, लाल बहादुर नगर 2 लाख 73 हजार 205, सीतागोटा 2 लाख 39 हजार 312, छीपा 1 लाख 85 हजार, बेलगांव 1 लाख 45 हजार, खुर्सीपार 01 लाख 41 हजार 450, बागरेकसा 01 लाख 25 हजार, मेढ़ा 55 हजार 375, मेढ़ा 51 हजार का कमीशन मार्कफेड ने काट लिया है।



### 65 लाख कमीशन काटा

राजनांदगांव विकासखंड की 13 समितियों के खिलाफ जांच के आदेश हुए है। इनमें पटेवा में 13 लाख 98 हजार 559, भैंसातरा 13 लाख 71 हजार 883, बम्हनी चारभांठा 10 लाख 45 हजार 489, उपरवाह 6 लाख 26 हजार 434, मुरमुंदा 5 लाख 99 हजार 346, बघेरा 3 लाख 14 हजार 405, सिंघोला 3 लाख 159, पदुमतरा 2 लाख 69 हजार 958, सोमनी 2 लाख 21 हजार 313, गठुला 01 लाख 34 हजार 436, चारभाठा 95 हजार 699, रानीतराई 92 हजार 733, रामपुर 63 हजार 582 रुपए का कमीशन मार्कफेड ने काटा है।

### छुरिया में 91 लाख के बारदाने नहीं मिले

बारदानों की गड़बड़ी का सबसे बड़ा मामला छुरिया का है। यहां बारदानों की क्षतिपूर्ति के लिए 91 लाख रुपए से ज्यादा का कमीशन काट लिया गया है। यहां की सड़क चिरचारी (खोभा) में 9 लाख 84 हजार 148, घुमका 8 लाख 23 हजार 850, चारभाठा (कु) 8 लाख 11 हजार 575, बादराटोला 7 लाख 37 हजार 268, छुरिया 6 लाख 88 हजार 795, कुमर्दा 5 लाख 95 हजार 914, गहिराभेड़ी 5 लाख 70 हजार 639, कुहीकला 5 लाख 35 हजार 814, कल्लूबंजारी 4 लाख 6 हजार 998, खुर्सीटिकुल 3 लाख 87 हजार 293, पांगरीखुर्द 3 लाख 85 हजार 157, लालूटोला 3 लाख 06 हजार 372, झितराटोला 2 लाख 68 हजार 472, शिकारीमहका 2 लाख 56 हजार 550, महाराजपुर 2 लाख 50 हजार 574, साल्हेटोला 2 लाख 48 हजार 997, गिदर्री 2 लाख 23 हजार 575, भर्रेगांव 2 लाख 1 हजार 568, रतनभाट 01 लाख 43 हजार 350, गैंदाटोला 01 लाख 17 हजार 371, भोलापुर 01 लाख 06 हजार 777, उमरवाह 48 हजार 450 रुपए की गड़बड़ी सामने आई है।

### डोंगरगांव में इन समितियों में जांच

डोंगरगांव विकासखंड में सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव में 16 लाख 34 हजार 342, अर्जुनी 10 लाख 37 हजार 637, कोहका 4 लाख 96 हजार 577, कोकपुर 4 लाख 58 हजार 581, दीवानभेड़ी 3 लाख 58 हजार 637, जोशीलमती 3 लाख 25 हजार 026, खुज्जी 01 लाख 51 हजार 675, खुर्सीपार 01 लाख 51 हजार 134, मटिया 61 हजार 424, तुमड़ीबोड़ 48 हजार 87 की वसूली की गई है।

## सट्टा-पट्टी के साथ पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में आरोपियों को पकड़कर सट्टा-पट्टी सहित नगदी रकम बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर नंदई चौक के पास आरोपी राहुल सोनकर 37 वर्ष निवासी नंदई को अपने पान ठेला में अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु कागज के टुकडों पर अंकों के सामने रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी नामक जुआ लिखते पकड़ा। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 2710 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी व 1 डाट पेन जब्ती किया गया। इसी तरह पुलिस ने नंदई चौक पान ठेला के पास आरोपी सागर सोनकर 36 वर्ष नंदई सोनकरपारा को अपने पान ठेला में अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु कागज के टुकडों पर अंकों के सामने रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी नामक जुआ लिखते पकड़ा। जिसके कब्जे से नगदी रकम 2330 रुपए व 1 नग सट्टा-पट्टी व 1 डाट पेन जब्ती किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

# गंदगी हम ही करते हैं, कचरा फैलाने कोई दूसरे ग्रह से नहीं आता: डॉ.रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए स्वच्छता पखवाड़ा का आज समापन हुआ। समापन अवसर पर शहर के गांधी सभागृह में स्वच्छता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं शहर के लखोली क्षेत्र में गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन दोनों ही आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने शिरकत करते स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक आयोजित हुए स्वच्छता पखवाड़ा का आज समापन हुआ। समापन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शिरकत की। लखोली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होते डॉ. रमन सिंह ने यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं आयोजन में उपस्थित होकर उन्होंने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में पखवाड़ेभर अपनी सेवाएं देने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सराहना की। वहीं भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता अभियान के तहत जुड़ने वाले सदस्यों का सम्मान किया।



### रमन ने दिया स्वच्छता का संदेश

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शहर के गांधी सभागृह में आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह में डॉ. रमन सिंह ने शामिल होते यहां स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया। इस अवसर पर स्वच्छता का संदेश देते डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्वच्छता हमारे देश, गांव, शहर, मोहल्ले और घर के लिए जरूरी है। स्वच्छता से ही हमें बेहतर स्वास्थ्य मिलता है। उन्होंने कहा कि यही महात्मा गांधी कहा करते थे और यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में स्वच्छता का बेहतर वातावरण बना है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हमारे स्वभाव में परिवर्तन से ही स्वच्छता आएगी। गंदगी हम ही करते हैं, कचरा फैलाने दूसरे ग्रह से कोई नहीं आता है, इसलिए हम सबको इस अभियान से जुड़ना है।

### स्वच्छता कर्मियों का सम्मान

शहर के गांधी सभागृह में नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर स्वच्छता सम्मान का आयोजन किया गया। इस दौरान 15 दिनों तक जनभागीदारी से लोगों ने शहर के विभिन्न स्थलों की सफाई की। आज समापन अवसर पर 25 स्वच्छता दीदी और 25 अन्य स्वच्छता कर्मियों को आयोजन में सम्मानित किया गया है।

# रास-गरबा की आज से रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी नगरी में इस बार भी क्वांर नवरात्रि पर्व पर लायंस इंटरनेशनल सिटी राजनांदगांव - गरबा उत्सव 2024 की धूम रहेगी। मां दुर्गा की पूजा-आराधना के साथ मातारानी की शान में रास-गरबा व डांडिया नृत्य करने के शौकिनों के लिए शहर के गायत्री विद्यापीठ मैदान में गरबा उत्सव की रंगारंग छंटा बिखरेंगी। लोग बड़ी संख्या में डांडिया, रास गरबा कार्यक्रम में भाग लेकर मातारानी के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना के पुष्प अर्पित करेंगे।



लायंस गरबा चेयरमैन राजेश माखीजा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार लायंस के गरबा उत्सवों में तेज आवाज वाले डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसके स्थान पर बाहर से कलाकारों को बुलाकर लाईव म्युजिक द्वारा रंगारंग गरबा कार्यक्रम किया जा रहा है। आज से कंचनबाग में लाईव म्युजिक व रंग-बिरंगी लाइटिंग के बीच लायंस क्लब के रास-गरबा उत्सव की सतरंगी छंटा बिखरेगी।

### की गई जोरदार तैयारी

लायंस गरबा उत्सव के चेयरमैन राजा माखीजा, अध्यक्ष तरणजीत सिंह अरोरा, कोषाध्यक्ष संतोष लोहिया, सचिव डॉ. गिरिश श्रीवास्तव, लायन वाइस चेयरमैन शारदा तिवारी व एमजेएस राजकुमार शर्मा ने बताया कि 80 हजार स्क्वेयर फीट मैदान में आयोजित होने वाले गरबा उत्सव कार्यक्रम में रंग-भरने राजस्थान आदि से कलाकार आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### सज रहे दुर्गा पंडाल

**गंडई पंडरिया।** नगर में कई स्थानों पर आकर्षक दुर्गा पंडाल बनाया जा रहा है। दुर्गा प्रतिमा की स्थापना आगामी 3 अक्टूबर को किया जाएगा। दुर्गा समिति के सदस्य पंडाल को पूर्ण करने रात दिन जुटे है। देर रात तक पंडाल को सजाया संवारा जा रहा है। पंडरिया वार्ड 2 के मुकेश नामदेव सहित अन्य ने बताया कि पंडाल को सजाने के लिए एक हफ्ते से लगातार कार्य किया जा रहा है।

### चोरड़ाधाम में ज्योति कलश स्थापना आज

**सड़क अतरिया।** चोरड़ाधाम में गुरूवार से क्वांर नवरात्रि पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। नौ दिन तक भक्तिमय माहौल में माता रानी की आराधना किया जाएगा। अन्य धार्मिक आयोजन भी होंगे। इस संबंध में गत दिवस मंदिर समिति की बैठक में नौ दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया है। नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना किया जाएगा।

# कैडेटों ने मनायी गांधी व शास्त्री जयंती




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कमान अधिकारी 38 छग बटालियन एनसीसी राजनांदगांव के निर्देशन में 2 अक्टूबर को शहर के स्टेट हाईस्कूल के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली शहर के गुरुद्वारा चौक, भगत सिंग चौक से होते हुए स्टेट स्कूल प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई।

**गांधी-शास्त्री के दिखाएं मार्ग पर चलने का संदेश**

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों ने भी महात्मा गांधी के स्वच्छता अभियान को लेकर संबोधित किया। वहीं महात्मा गांधी के दिखाए अहिंसा के रास्ते और शास्त्री के श्लोगन जय जवान जय किसान को जीवन में चरितार्थ करने की सभी से अपील की। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत, पूर्व एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव, पूर्व कैडेट रुषी मिर्जा, शाहिद समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

### दिया स्वच्छता का संदेश

गांधी जयंती के अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने शाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और परिसर की साफ-सफाई की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के स्वच्छता अभियान जिला संयोजक शिव वर्मा एवं भूतपूर्व वायु सैनिक गुरमीत सिंग भाटिया भी उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### पेण्ड्रीकला में छात्र-छात्राओं नें जन-समुदाय व स्वच्छता की शपथ ली, किया जन-जागरूक



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में छात्र-छात्राओं ने जन-समुदाय व स्वच्छता पर चर्चा कर स्वच्छता पर शपथ दिलाया गया। वहीं साफ-सफाई जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं, स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत से है। सफाई से रहने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं स्वच्छता तन-मन दोनों के लिए अति आवश्यक है। स्वच्छता सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिए। स्वच्छता को बनाए रखने के लिए हमें इधर-उधर कचरा नहीं फेकना चाहिए। कचरा हमेशा कूड़ेदान में ही फेंकना चाहिए। कहा भी गया है स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। अतः स्वच्छता को अपनाएं और देश को आगे बढ़ाएं, गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत जन समुदाय व विद्यार्थियो द्वारा स्वच्छता पर चर्चाकर स्वच्छता पर शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच जलेश्वर चंद्राकर, शाला विकास प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष राजेश यादव, संस्था प्रमुख बैजनाथ चंद्राकर, पालक संतराम खाण्डे, घनश्याम कश्यप, लखन खाण्डे, शिक्षाविद राजेन्द्र पटेल, नरेश चंद्रसेन, शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, प्रीतम कश्यप व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### राम्हेपुर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में स्वच्छता ही सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर फूल अर्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष ऋषि मिश्रा उपस्थित थें। इस कार्यक्रम में स्वच्छता संबंधी छात्र छात्राओं द्वारा चित्रकला, स्लोगन, गीत, प्रार्थना सभा आदि का आयोजन किया गया। स्वच्छता संबंधी चित्रकला में सभी प्रतिभागी बालिकाओं को श्री मिश्रा द्वारा 601 रुपए नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। जिसमें छात्रा किरण साहू, लालिमा पाली, आरती पाली, मनीषा घृतलहरे, रेशमी, सुहानी, संजना को स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत अपने विचार व्यक्त किया। वहीं स्कूल परिषर, गांव, गली-मोहल्ला आदि को स्वच्छ बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया, महात्मा गांधी की सपना स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत, एक कदम स्वच्छता की ओर को सार्थक बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं स्वच्छता संबंधी बनाए गए रंगोली का अवलोकन किया गया, तत्पश्चात स्वच्छता शपथ सभी विद्यार्थियों, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं जनप्रतिनिधि के रूप में उपस्थित ऋषि मिश्रा द्वारा लिया गया। इस दौरान विद्यालय प्रमुख एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम में उपस्थित हुई श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम पंचायत चरडोगरी के आश्रित ग्राम झिरना में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है, इसी परिपेक्ष्य में जनपद पंचायत कवर्धा के क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत चरडोगरी के आश्रित ग्राम झिरना में स्वच्छता को जोड़ते हुए जन-जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगो ने अपनी उपस्थित देकर भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता का शपथ लिया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप श्रीमती इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा एवं उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशव साहू, सरपंच श्रीमती मनीषा, पंचगण, सफाई मित्र, ग्रामवासीगण उपस्थित थें।

### पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति की आमसभा की बैठक 6 अक्टूबर को

**हरिभूमि कवर्धा।** पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित कवर्धा पंजीयन क्रमांक 51 के अध्यक्ष अविनाश ठाकुर ने बताया कि पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित कवर्धा पंजीयन क्रमांक 51 की आमसभा की बैठक 06 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस कवर्धा में आहूत किया जाएगा। उक्त दिनांक को यदि नियत समय पर आमसभा के लिए कोरम पूर्ण नही हुआ तो आमसभा स्थगित किया जाकर उसी दिन उसी स्थान पर निर्धारित समय के 1 घंटे से स्थगित बैठक की कार्यवाही 3 बजे प्रारंभ की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने अपील की गई। बैठक में समिति के बैंक खाता के संचालन व जमीन आबंटन पर चर्चा व निर्णय लिया जाएगा, वर्ष 2023-24 के वार्षिक प्रतिवेदन एवं पारित अंकेक्षण लेखा पत्रकों का अनुमोदन व पारित करना, वर्ष 2024-25 का अनुमानित आय-व्यय का बजट पारित करना, वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 का अंकेक्षण विभागीय अंकेक्षण से पारित करवाने बाबत अन्य विषय अध्यक्ष के अनुमति के अनुसार किया जाएगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ....................

ब 121/वर्ष 2023-24

आवेदक विश्वनाथ श्याम पिता बरेलाल जाति गोड निवासी सेन्दूरखार तहसील कुकदूर जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम सेन्दूरखार प.ह.नं. 00 को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्वनाथ श्याम पिता बरेलाल जाति गोड निवासी ग्राम सेन्दूरखार, तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। कि मेरे माता अहिरिन बाई पति बरेलाल का मृत्यु दिनांक 20/05/2007 को ग्राम सेन्दूरखार में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 04/10/2024 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 20/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक -20/09/2024
पेशी दिनांक - 04/10/2024

मुहर

नायब तहसीलदार
कुकदूर पंडरिया

बच्चों को मेहनत, हिम्मत व संकल्प से लक्ष्य प्राप्ति का दिया संदेश

# उपमुख्यमंत्री ने स्वच्छता की शुरुआत उसी कक्षा से की जहां से उन्होंने स्वयं अपनी पढ़ाई की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्वामी करपात्री जी स्कूल में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्वच्छता की शुरुआत उसी कक्षा से की जहां से कक्षा 9वी में बैठकर स्वयं अपनी पढ़ाई की थी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत आज स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में जिला स्तरीय श्रमदान एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्कूल के बाद मैदान में श्रमदान किया। उन्होंने मैदान की सफाई में भाग लिया और सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उपमुख्यमंत्री ने श्रमदान के साथ-साथ स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया। उपमुख्यमंत्री ने स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता दीदियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही स्वच्छता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्राओं को सम्मानित किया।

श्री शर्मा ने स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अपने वातावरण को स्वच्छ रखें क्योंकि स्वच्छता में ही स्वस्थ जीवन का राज छिपा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राची से देश को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया था और यह अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी भागीदारी निभा रहा है। आज हमारे जिले के गांव ओडीएफ प्लस हो चुके हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि कड़ी मेहनत हिम्मत एवं संकल्प से ही सफलता के द्वार खुलते हैं और सफलता का शॉर्टकट नहीं होता। इसीलिए बच्चे अपनी पढ़ाईयों को एकाग्र होकर पूरा करें और कड़ी मेहनत से जीवन में आगे बढ़े। उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।

**स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण**

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने श्रमदान कार्यक्रम के साथ-साथ फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट ग्राम पंचायत सारंगपुरकला का लोकार्पण किया गया। इस कार्य की लागत राशि 43.93 लाख रूपए है। इसी तरह ग्राम पंचायत सिल्हाटी जनपद बोड़ला एवं ग्राम पंचायत मंजगांव जनपद कवर्धा के लिए प्लास्टिक मैनेजमेंट इकाई जिसकी लागत राशि 16.16 लाख रूपए का लोकार्पण किया।

**विजय शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया**

विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत स्वामी करपात्री स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण करते हुए उपमुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और इसके देखभाल का संकल्प ले जिससे कि हमारी प्रकृति हरा भरा होकर वातावरण स्वच्छ हो सके। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया।

# श्रीराम रसोई में एक टाइम भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




आज के इस महंगाई के दौर में अपने ही अपनों को पालने और उनका पेट भरने में मुश्किल हो रही है। परिवार के लोग महंगाई को देखते हुए बुजुर्गों को अपने से दूर कर रहे हैं। ऐसे समय में कवर्धा के कवर्धा जंक्शन ग्रुप के समाजसेवियों ने जो श्रीराम रसोई सेवा समिति के माध्यम से भूखों को भोजन कराने का बीड़ा उठाया हैं। जहां दो चार दस नहीं बल्कि सैकड़ों लोगों को रोज एक समय का भरपेट भोजन की व्यवस्था होगी, आज जहां 30 रुपए में खाने की कोई भी चीज आप का पेट नहीं भर सकती। वहीं कवर्धा जंक्शन ग्रुप के समाजसेवी पूरी की पूरी भरपेट थाली का इंतजाम गरीबों के लिए कर रहे है।

**30 रू की थाली में क्या है खास**

आपको आश्चर्य होगा लेकिन इस 30 रुपए की थाली में सब कुछ है। चांवल, दाल, सब्जी, रोटी और आचार वो भी भरपेट थोड़ा अजीब लगता है। इतने कम पैसे में कोई कैसे किसी को भरपेट खाना खिला सकता है। लेकिन ये सही हैं कवर्धा के भारत माता चौक के पास बने पौनी-पसारी में समाजसेवी संस्था श्रीराम रसोई सेवा समिति के द्वारा श्रीराम रसोई नवरात्रि के पहले दिन 3 अक्टूबर से शुरू हो रही है।

**दोपहर 12 से 2 बजे तक खुलेगा रसोई**

रसोई का संचालन करने वाले समाजसेवी लोगो ने बताया कि एक दिन में एक बार यानी दोपहर का खाना सोमवार से शनिवार तक दोपहर 12 से 2 बजे तक खिलाया जाएगा जिसमें लगभग 200 से 250 लोग खाना खाएंगे। संख्या और बढ़ेगी तो उनकी भी व्यवस्था होगी, एक थाली के लिए उन्हें 30 रुपए से ज्यादा खर्च आयेगा लेकिन वह मात्र 30 रुपए में इन्हें खिलाएंगे। श्रीराम रसोई कवर्धा शहर के ही दानदाताओं के सहयोग से चलेगा, इस नेक कार्य के लिए सभी लोग खुले दिल से सहयोग कर रहे है।

### न्याय यात्रा में शामिल हुए प्रशांत परिहार



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रदेश में लगातार हो रहे अपराध के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में लगभग 125 किलोमीटर की न्याय पद यात्रा गिरौदपुरी से रायपुर के पद यात्रा में जिले से युवा नेता प्रशांत परिहार खरोरा में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाई। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश मे भाजपा सरकार आई है तब से लगातार अपराधियो के हौसले बुलंद है व रोज हत्या, लूटपाट, चोरी आम बात हो गई है, राजधानी रायपुर के बीच शहर में हत्या और लूटपाट हो रही है। प्रदेश के गृहमंत्री के क्षेत्र में लगातार हत्याएं और अपराध का ग्राफ आसमान छू रहा है। प्रदेश भर में कानून व्यवस्था चरमरा गया है, इसी मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा न्याय पद यात्रा करते हुए न्याय की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश भर के नेता सामाजिक कार्यकर्ता लगातार इस पद यात्रा में शामिल होकर इस पद यात्रा को समर्थन दे रहे है। इस न्याय पद यात्रा में कवर्धा जिले से युवा नेता प्रशांत परिहार शामिल हुए और दीपक बैज, चरणदास महंत, मोहन मरकाम से मिलकर जिले के अपराधों के बारे में जानकारी दिया गया।

# विधायक भावना नें पाण्डातराई में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जनता की सेवा और पंडरिया विधानसभा के विकास के लिए सतत प्रयासरत पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने बुधवार को पाण्डातराई में 85 लाख रुपए के विकास कार्यों, अधोसंरचना विकास एवं सौंदर्यीकरण सहित जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस दौरान क्षेत्रवासियों को बैंकिंग सुविधा का उपलब्ध कराने हेतु उनके प्रयासों से नए एक्सिस बैंक शाखा का भी उन्होंने उद्घाटन किया। इसके साथ ही साथ उन्होंने ग्राम रणवीरपुर में आयोजित सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान के तहत हाई स्कूल परिषर में श्रमदान किया, वीरेंद्रनगर व कांपादाह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का लोकार्पण कर महिला समूहों से भेंट-मुलाकात कर स्वच्छ भारत अभियान में उनके योगदान की प्रशंसा की गई। पंडरिया विधायक श्रमीती भावना बोहरा द्वारा लगातार क्षेत्र के विकास हेतु कार्य किए जा रहें हैं, उनका उद्देश्य पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं में भी बड़े शहरों की भांति जनता को हर सुविधाएं उपलब्ध हों, अधोसंरचना विकास से वहां की व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके इसके लिए उनके अथक प्रयासों से नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ 50 लाख रुपए, नगर पंचायत पाण्डातराई में 2 करोड़ 40 लाख एवं नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है। इसी कड़ी में श्रीमती बोहरा ने 85 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होने कहा कि समृद्ध पंडरिया बनाने का हमने जो संकल्प किया है, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। पंडरिया विधानसभा में भी शहरी क्षेत्रों की भांति अधोसंरचना विकास, शहरों का सौंदर्यीकरण, पक्की सड़कें, पुल-पुलिया, बिजली एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति हो इसके लिए लगातार प्रयास कर रहें हैं। वहीं पाण्डातराई में हुए इन सभी विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा। पंडरिया विधानसभा को छत्तीसगढ़ का सबसे विकसित व जनसुविधाओं से युक्त विधानसभा बनाने निरंतर प्रयास कर रहें हैं और इस प्रयास में जनता का सुझाव व मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा है। आज जो यह विकास की सौगात जनता को मिली है उससे क्षेत्रवासियों में भी खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। वहीं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पाण्डातराई में एक्सिस बैंक की नई शाखा का शुभारंभ कर एक्सिस बैंक की पूरी टीम को आभार व्यक्त कर नई शाखा की शुरुआत की गई। इसके पूर्व भी ग्राम रणवीरपुर में भी हमने क्षेत्रवासियों को बेहतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वहां भी शाखा शुरू करने की अनुशंसा की थी और शुभारंभ किया गया, जिससे किसानों व क्षेत्रवासियों को लाभ मिल रहा है। पाण्डातराई में भी इस बैंक शाखा के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को त्वरित एवं बेहतर बैंकिंग सुविधा मिलेगी और उनके समय की भी बचत होगी।

**छत्तीसगढ़ एक बार पुनः विकास के पथ पर अग्रसर**

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ें थे, जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ एक बार पुनः विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। जनता को मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन सभी विकास व निर्माण कार्यों से पंडरिया विधानसभा की जनता को लाभ मिलेगा। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनते ही आवास योजना से जनता को पक्के आवास मिल रहे हैं, अधोसंरचना विकास तेजी से हो रहे हैं, शासकीय योजनाओं का सुगम क्रियान्वयन हो रहा है, किसानों को उनका अधिकार मिल रहा है, युवाओं के लिए रोजगार खुल रहें हैं, महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रयास हो रहें हैं और हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान का उपहार मिल रहा है।

### पिपरिया में स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155 वीं जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया के अस्पताल परिसर को साफ सफाई किया गया साथ ही साथ कचरे को एक जगह पर इकट्ठा किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया के बीएमओ डॉ विनोद चंद्रवंशी व अधिकारी-कर्मचारी और स्टाफ ने भी साफ-सफाई कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर श्रमदान किया और सभी के सहयोग से यह स्वच्छता अभियान सफल रहा।

# स्वच्छता ही सेवा व पालक शिक्षक मेगा बैठक चिमरा मे मैत्री पूर्ण सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा मे स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा है 2024 के अंतर्गत विद्यालय में छात्र छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता शौचालय का उपयोग प्रतिदिन खाना खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की आदत बनाए रखने हाथ धोने के चरण बद्ध सात चरणों को अपनाने शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक, श्रीमती ज्योति खरे ने प्रयोग कर दिखाया व श्रीमती नीलिमा तिवारी एवं दिलीप नागवंशी ने गांव में जन-जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें शिक्षक शक्तिवन दास राय, श्रीमती मालती चंद्रवंशी ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जयंती अवसर पर कचरा प्रबंधन सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई करने महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया, प्रधानाध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर ने निरंतर 30 वर्षों से पालक संपर्क विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास में पालकों से संपर्क एवं शिक्षा सत्र 2024-25 निर्धारित समय सारणी तिमाही अर्धवार्षिक, वार्षिक परीक्षा उपरांत स्कूलों में फलों के साथ मेगा सम्मेलन आयोजित करने अंतर्गत तिमाही परीक्षा उपरांत चिमरा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में फलों के मध्य समन्वय स्थापित करने छात्र छात्राओं के समग्र विकास प्रस्तुत करने विद्यालय में कार्य योजना निर्धारित करने आदि विषयों पर शाला प्रबंध समिति समस्त पालकों को विद्यालय में आमंत्रित कर स्कूल की समस्त गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शंकर साहू, रामेश्वर भट्ट की अध्यक्षता में एवं नेमीचंद साहू के विशिष्ट आतिथ्य मे संपन्न किया गया, अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस गांव के वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया। संकुल रौचन के 15 स्कूलों में स्वच्छता ही सेवा 2024 की गतिविधियां आयोजित कर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संकुल प्रभारी शिवकुमार सिन्हा, संकुल शैक्षिक समन्वय दिलीप सिंह ठाकुर ने स्वच्छता की सामूहिक शपथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिलाते हुए महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर उन्हें नमन करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा का समापन किया गया।

### स्वच्छता सेवा पखवाड़ा व गांधी जयंती पर दिया स्वच्छता दीदियो को प्रशस्ति पत्र



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पंचायत पंडरिया में बुधवार को महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य मे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा समापन दिवस के पर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुई मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी तरुण बघेल, सरपंच इंद्रा बाई कोठारी, पंचूराम टंडन, पवन तिवारी, नरेश बंजारे, उत्तर वैष्णव उपस्थित थे। जिस पर सीईओ तरुण बघेल एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक कृष्णा कुम्भकार, संजय जैन, सभाजीत सिंग एवं ग्रामीणों द्वारा महात्मा गांधी की तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो ने स्वच्छता शपथ लेकर गांव, स्कूल एवं सार्वजनिक स्थानों में साफ-सफाई व स्वच्छता दीदियो के साथ जनप्रतिनिधियों ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारी शिक्षक एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने बाजार परिषर की साफ सफाई किए साथ ही साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता दीदियो को प्रशस्ति पत्र वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी तरुण कुमार बघेल ने बताया की स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2अक्टूबर तक मनाया गया, जिसमे कैलेंडर के माध्यम से प्रतिदिन गति विधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम मे शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



## खबर संक्षेप

### योगा विभाग ने किया वृद्धों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के निर्देशन एवं योग शिक्षिका मंजू धनकर के नेतृत्व में योग साइंस के विद्यार्थियों ने 1 अक्टूबर को बछेराभाटा वृद्धाआश्रम में जाकर वृद्धजनों का सम्मान किया। उन्हें गमछा, ब्रेड, बिस्किट, केला वितरित कर हाल चाल जाना। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के संचालक एसजी मेश्राम, नलिनी मेश्राम सहित कुश मालेकर, अंजलि रामटेके, बबिता, संजय, शीतल, वोमेन्द्र, मोनिका, प्रीति, नीतू, कोमेश्वरी, इंगेश्वर, सोनिया रानी उपस्थित थे। तालुका विधिक सेवा समिति ने जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा में वृद्धजन दिवस मनाया। विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनीश दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी भूपत सिंह साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी शैलेश कुमार वशिष्ठ मार्गदर्शन में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों को विधिक जानकारी दी गई। अध्यक्ष ने बताया कि जो व्यक्ति भरण पोषण करने में असमर्थ हैं उसके भरण -पोषण करने दायित्व पुत्रों का है। भरण पोषण अधिनियम के तहत यदि माता-पिता भरण-पोषण करने में असमर्थ है तो पुत्र और पुत्री से भरण-पोषण प्राप्त करने के हकदार हैं। इस मौके पर पीएलवी अशोक पाण्डेय एवं पवन कुमार उपस्थित थे।

### चंद्रगिरी में मनाया अहिंसा दिवस

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ के प्रथम नवोदित श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरि अतिशय



तीर्थ में 2 अक्टूबर को सामूहिक क्षमावाणी पर्व एवं अहिंसा दिवस मनाया गया। दोपहर 2 बजे आचार्य श्री के समाधिस्थल पर आचार्य भगवन की पूजन ब्रह्मचारी नितिन भैया एवं दीपक भैया के मार्गदर्शन में गाजे बाजे के साथ किया गया। दोपहर बाद प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की बालिकाओं एवं जैन समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यागुरु संस्मरण सभा का आयोजन किया गया जिसमे भक्तों ने गुरूजी के ससंघ सानिध्य में बीते पलों को याद करते हुए अपने संस्मरण सुनाए। सामूहिक क्षमा याचना कार्यक्रम में सभी ने जाने अंजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना किया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन सहित राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, तिल्दा, बिलासपुर, भाटापारा, अकलतरा आदि स्स्थानों के सामाजिकजन मौजूद थे।

### निर्विरोध सदर चुने गए रफीक खत्री



**डोंगरगांव।** मुस्लिम समाज का प्रतिनिधित्व करने हमेशा सक्रिय रहने वाले रफीक खत्री को निर्विरोध सदर चुना गया है। सदर के चुनाव में रफीक खान के नाम का प्रस्ताव आने के पश्चात किसी ने भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत नही किया। सभी ने प्रस्ताव का स्वागत और समर्थन किया। रफीक खत्री के सदर चुने जाने पर समाज के प्रमुख डॉ. बशीर खान, जावेद खान, मो.अमीर निरबान, इकबाल तंवर, रियाजुद्दीन सोलंकी, एजाज हाशमी, रियाज हाशमी, इरफान कुरैशी, सद्दाम खत्री, महमदुल्लाह मास्टर, इकबाल हसन, नजीर तंवर, नफीस खान सहित अन्य ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया है।

# भाजपा राज में मिला पैसा, जनता को भ्रमित कर रहे कांग्रेसी

## स्व. राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनावरण को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजा देवव्रत की प्रतिमा अनावरण में उदासीनता मामले में भाजपा पर लगाए जा रहे अनर्गल आरोप कांग्रेस नेताओं का कुत्सित प्रयास है। जिला महामंत्री रामाधार रजक ने कहा कि पूर्व सांसद व विधायक राजा देवव्रत सिंह सिर्फ व्यक्ति, समाज या विशेष राजनैतिक दल के नेता नही थे वो जननायक थे और उनके साथ साथ पूरा परिवार ने क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा गंभीर रहा है। इंदिरा कला संगीत विवि की स्थापना को लेकर राजमहल का दान देकर उनके पूर्वजों ने अप्रतिम दानशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जिला मंत्री रामाधार रजक ने कहा कि राजा देवव्रत सिंह के प्रतिमा निर्माण, स्थल चयन और स्थापना तक की प्रक्रिया में अपनी गलती छिपाने कांग्रेसी भाजपा पर बेवजह निरर्थक आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान नपा क्षेत्रांतर्गत उपयुक्त स्थान पर राज देवव्रत सिंह की जीवंत मूर्ति स्थापना के लिए पचीस लाख रूपयों की प्रशासकीय स्वीकृति साथ पांच लाख रूपए पहले किश्त के रूप मे 22 मार्च 23 को मिल गया था।

### जीते जी सम्मान नही कर पाए कांग्रेसी

जिला महामंत्री रामाधार रजक ने कहा कि फरवरी 24 मे तत्कालीन नपा अध्यक्ष के इस्तीफे प्रकरण के चलते कुछ महीनो तक नपा मे काम प्रभावित रहा लेकिन सबका साथ सबका विकास की सोच को लेकर प्रदेश की सत्ता मे काबिज विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार ने क्षेत्रवासियों का राजा देवव्रत सिंह के प्रति अगाध स्नेह और आस्था समर्पण को देखते हुए 21 जून 24 को प्रतिमा निर्माण, स्थापना के लिए स्वीकृत प्रशासकीय स्वीकृति की अंतिम किश्त बीस लाख रूपए एक साथ जारी किया है, लेकिन जीवित रहते सम्मान नही करने वाले कतिपय कांग्रेसी आज राजनैतिक महात्वाकांक्षा पूरी करने दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के नाम का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा निर्माण, स्थापना सहित स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर मात्र पचीस लाख रूपयों की स्वीकृति मिली थी। कांग्रेस शासन काल मे स्वीकृति का ढोल पीटने और भाजपा नेताओं पर उदासीनता का आरोप लगाने वाले कांग्रेसियों को समझ आना चाहिए कि राशि सबका भला सोचने वाली भाजपा सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा कि देवव्रत सिंह सबके राजा थे इसलिए उनके जाने के बाद प्रतिमा अनावरण को लेकर अनावश्यक क्षुद्र राजनैतिक ढकोसला प्रेस विज्ञाकरने की जगह परिजनों और नपा प्रशासन से चर्चाकर वाजिब तिथि में भव्य रूप से अनावरण का कार्यक्रम तय किया जाए।

**ये है मामला**

सालभर से सिविल लाइन चौक मे कपड़ों में ढंकी राजा देवव्रत सिंह की आदमकद प्रतिमा के अनावरण को लेकर कांग्रेसियों ने बैठक मे निर्णय लिया कि दशहरे तक यदि प्रशासन प्रतिमा अनावरण को लेकर उचित फैसला नही ले पाया तो देवव्रत सिंह के पुत्र के हाथों प्रतिमा का अनावरण कराया जाएगा। बैठक मे जिला प्रशासन और नपा परिषद के जिम्मेदार प्रतिनिधियो व अधिकारियो की कार्यशैली और भाजपा नेताओं पर अनावरण को बाधित करने का आरोप लगाया था जिसके चलते रानी विभा सिंह और भाजपा जिला महामंत्री रामाधार रजक ने कांग्रेसियों को आईना दिखाया है।

### प्रतिमा अनावरण का हक नहीं है कांग्रेस को

राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनावरण को लेकर कांग्रेसियों की बैठक को पूरी तरह से गलत बताते हुए रानी विभा सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मूर्ति अनावरण को लेकर



कांग्रेसियों की कवायद पर रोक लगाने की मांग की है। कलेक्टर को लिखे पत्र मे रानी विभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा बैठक आयोजित कर प्रतिमा अनावरण करने की कवायद पूरी तरह से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे उनके पति के नाम का उपयोग करने का जरिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से नाता तोड़कर राजा देवव्रत सिंह जोगी कांग्रेस से विधानसभा का चुनाव जीतकर विधायक बने थे। अनावरण को लेकर आयोजित बैठक मे ज्यादातर वही लोग है जिन्होंने चुनाव के दौरान उनका विरोध किया था, लेकिन आज पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट को देखते हुए उनके पति की लोकप्रियता को भुनाने की कोशिश कर रहे है। रानी विभा सिंह ने कहा कि प्रतिमा निर्माण की स्वीकृति कांग्रेस दौर मे जरूर हुई लेकिन स्थापना से लेकर भुगतान तक का सारा काम भाजपा सरकार ने किया है इसलिए मौजूदा सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा ही प्रतिमा का अनावरण किया जाना सही होगा। उन्होने कहा कि नपा मे काबिज तत्कालीन कांग्रेसी प्रतिनिधियो ने 14 मार्च 24 मे भी उन्हें बिना जानकारी दिए अनावरण का प्रयास किया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा हेंडओवर नही किए जाने के कारण अनावरण नही हो पाया था। रानी विभा सिंह ने कहा कि स्व. राजा की प्रतिमा अनावरण करने से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को रोका जाए और अनावरण संबंधी किसी प्रकार की प्रक्रिया होने पर देवव्रत सिंह की धर्मपत्नि होने के नाते उन्हें जानकारी दी जाए।

## सदस्यता अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक लिया। मोहला मंडल के 94 बूथ और कौडीकसा के 57 बूथों में 30 सितंबर तक सदस्य बनाने की स्थिति की जानकारी लेकर बूथवार लक्ष्य को पूरा करने का योजना बनाया गया।

जिले मे नेट की समस्या को देखते हुए ऑनलाइन के साथ ऑफ़ लाइन सदस्य बनाने पर चर्चा की। बैठक में श्री जंघेल ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी आदि ने टारगेट पूरा करने का आग्रह किया। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू, नम्रता सिंह, खोबहरा यादव ने अपने विचार रखे। इस मौके पर लखन सलामे, रमेश हिडामे, नरसिंग भंडारी, शत्रुहन चुरेंद्र, रतन तारम, रामकृष्ण चंद्रवंशी, कमल तापड़िया, झनक सोनवानी, संदीप साहू, शिवचरण अमरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्रि पर्व, मंदिरों में व्यापक तैयारी

**पटेवा।** पटेवा सहित अंचल में शारदीय नवरात्रि पर्व की व्यापक तैयारियां की गई है। देवालयों का रंग रोगन कर सजाया गया है। दुर्गा पंडाल भी सजकर तैयार हो चुके हैं जहां दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। पटेवा के प्राचीन शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया जाएगा। बाजार चौक में मां दुर्गा, धनकर चौक एवं मानस मंच पर मां सरस्वती, लीला चौक में मां काली, मासूल रोड भांठा पारा में मां दुर्गा, शीतला चौक एवं अमलीखोर में मां अम्बे की मूर्ति स्थापित किया जाएगा। शनि मंदिर, शंकर मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना तैयारी की गई है। क्वांर नवरात्र की तृतीया को धनकर चौक




पर नाच, पंचमी को शीतला चौक में चुन्नी यात्रा एवं बाजार चौक पर रिकार्डिंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, सप्तमी को लीला चौक पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज

शीतला माता मंदिर के पास ढीमर समाज द्वारा बनाए गए शिव मंदिर में कल 3 अक्टूबर को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे भजनों के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

## मंत्री के आदेश पर अमल नहीं, कर्मियों को नहीं मिला वेतन

- वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश के बाद भी नगर पंचायत के कर्मचारियों को एक तारीख को वेतन नहीं मिल सका है। मंत्री के आदेश पर अमल नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में मंत्री श्री साव ने सभी निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान 1 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से कर दें। मंत्री द्वारा अधिकारियों को निर्देश देने के बाद भी निकायो में 1 अक्टूबर को वेतन भुगतान नहीं किया जा सका है। गौरतलब है कि समय पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल को संचालक नगरीय प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था। हड़ताल के कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु निर्देशित किया था। वेतन भुगतान नहीं होने पर कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल करने की तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंकज मेश्राम तथा मोहम्मद शेर खान ने विभागीय मंत्री के निर्देश पर अमल नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि कई निकायों में 1 से 2 माह के वेतन का भुगतान लंबित है।



## खबर संक्षेप

### जिला भाजपा कार्यालय का भूमिपूजन आज

कवर्धा। जिला मुख्यालय कवर्धा में निर्मित होने वाला भाजपा कार्यालय का भूमिपूजन समारोह नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में 3 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस संबंध में जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू एवं जिला महामंत्री संतोष पंटेल तथा क्रांति गुप्ता ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि जिला भाजपा कार्यालय का भूमिपूजन 3 अक्टूबर को दोपहर 1.00 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति अजय जामवाल क्षेत्रीय संगठन मंत्री उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छग करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पवन साय प्रदेश संगठन महामंत्री छग, विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, संतोष पाण्डेय सांसद, राजनांदगांव लोकसभा, अभिषेक सिंह पूर्व सांसद, राजनांदगांव लोकसभा, श्रीमती भावना बोहरा विधायक, पंडरिया विधानसभा, भूपेन्द्र सवन्नी संभाग प्रभारी, दुर्ग, नंदन जैन प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा छग, श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट अध्यक्ष, जिला पंचायत कबीरधाम, डॉ. सियाराम साहू पूर्व विधायक कवर्धा विधानसभा, मोतीराम चंद्रवंशी पूर्व विधायक पंडरिया विधानसभा उपस्थित रहेंगे।

### स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

कवर्धा। भारत स्काउट एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के आदेशानुसार कबीरधाम जिला में बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला पंचायत संसाधन केंद्र में गत 23 से 29 सितंबर 2024 तक किया गया। जिसमें 42 स्काउट मास्टर तथा 36 गाइड कैप्टन कुल 78 प्रशिक्षण अभ्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें कबीरधाम जिले के भी छात्र-छात्राएं शामिल थी। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन एवं मनोज गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण मण्डल के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को स्काउटिंग क्यों, स्काउटिंग कि इतिहास, उद्देश्य, सिद्धांत, पद्धति, नियम, प्रतिज्ञा, आदर्श वाक्य, चिन्ह आदि का प्रशिक्षण दिया।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा जिस स्कूल में पढ़े, अब उस स्कूल के बच्चों को मिलेगी स्मॉर्ट क्लास की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा जिस स्कूल में पढ़े, अब वहां के मिडिल, हाई और हायर सेकेंरी स्कूल के विद्यार्थी को सिक्यूलेशन टेक्निक (स्मॉर्ट क्लास अत्याधुनिक सुविधा) का लाभ मिलेगा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्कूल के तीन कक्षाओं में स्मॉर्ट क्लास सिक्यूलेशन टेक्निक का शुभारंभ किया। स्मार्ट क्लास के लोकार्पण के साथ अब वहां के मिडिल, हाई और हायर सेकेंरी स्कूल के विद्यार्थी को स्मॉर्ट क्लास अत्याधुनिक सुविधा का लाभ मिलेगा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्मार्ट क्लास के संबंध में जानकारी ली। स्मार्ट क्लास की सुविधाओं के जरिए छात्रों को विशेष रूप से विज्ञान जैसे कठिन विषयों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने स्मार्ट क्लास के महत्व और इसके उपयोग पर भी छात्राओं से चर्चा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को भी प्राइवेट स्कूलो की तरह स्मार्ट क्लास की सुविधा का लाभ मिले, इसके लिए प्रदेश की राज्य सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चिंता कर रही है। शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को भी प्राइवेट स्कूलो की तरह स्मार्ट क्लास की सुविधा का लाभ मिले, इसकी शुरुआत कबीरधाम जिले के स्वामी करपात्री जी स्कूल से करने का प्रयास किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले के 70 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा मिलेगी। उन सभी स्कूलों का चयन कर लिया गया है। स्मॉर्ट क्लास की शुरुआत जिले के स्वामी करपात्री जी स्कूल से हो रही है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उस अवसर पर अपने छात्र जीवन के पुरानी यादों को स्मरण किया। उन्होंने अपने शिक्षकों, सहपाठियों के नाम लेते हुए याद किया। उन्होंने कहा कि आज मैं जिस स्कूल में पढ़ाई पूरी की, आज उस स्कूल में आने पर सुखद अनुभूति हो रही है। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी, अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा मनहरण कौशिक, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत संतोष पटेल, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, उमंग पांडे, राम विलास चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्वच्छाग्रही स्कूली बच्चे स्काउट एवं एनसीसी के कैडेट्स सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




### स्वामी करपात्री जी स्कूल में पढ़े डिप्टी सीएम विजय शर्मा

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्कूल से पढ़ाई की है। उन्होंने यहां मिडिल स्कूल से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक की पढ़ाई इस स्कूल से की है। वे साइंस के विद्यार्थी रहे, और कक्षा बाहरवी में श्री शर्मा शाला नायक भी बने।

**पर्व:** अंचल में नवरात्रि पर्व की तैयारियां पूरी, आज की जाएगी स्थापना

# पण्डालों में विराजने मां जगत जननी कर रही सोलह श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/कुण्डा

शक्ति पीठों के गढ़ कहे जाने वाले कबीरधाम जिले में 3 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले शारदीय नवरात्र पर्व की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समूचा अंचल मां जगत जननी की भक्ति व अराधना में डूबने के लिए तैयार हो चुका है।

मंदिर समीतियों ने जहां नवरात्र पर्व के मद्देनजर मंदिरों की साफ-सफाई, रंग रोगन तथा मनोकामना ज्योतिकलश कक्ष पहले ही तैयार कर लिया है। वहीं दुर्गोत्सव समीतियों ने विभिन्न रूप रंग की देवी प्रतिमाएं स्थापित करने भव्य व आकर्षक पण्डाल तैयार कर लिए है। दूसरी तरफ महिनों निर्माण कार्य में जुटे मूर्तिकार भी गुरूवार को दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है।

उल्लेखनीय है कि शक्ति पीठों के गढ़ माने जाने वाले कवर्धा नगर में दुर्गोत्सव पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जाता है। नगर के विभिन्न शक्तिपीठों में भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में पूरे नौ दिन मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए जाते है। जिसके चलते हर रोज मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहता है।

वहीं नगर सहित आसपास के ईलाकों में दर्जनो दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा मां आदि शक्ति के विभिन्न रूप रंग की प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कुछ ऐसी ही श्रद्धा भक्ति के साथ नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी की गई है।

दुर्गोत्सव समीतियों ने मूर्तिकारों के यहां निर्मित कराई गई प्रतिमाओं को पण्डालों तक लाने के लिए वाहन, गाजे-बाजे, पंडित, पूजन सामग्री आदि की व्यवस्था कर ली है। माना जा रहा है कि मूर्तिकारों के पास से दुर्गा प्रतिमाओं को पण्डालों तक ले जाने का क्रम गुरूवार की सुबह से प्रारंभ हो जायेगा जो देरशाम तक चलता रहेगा।

### ग्राम कुण्डा में नवरात्रि पर्व की जोरदार तैयारी



विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कुण्डा में भी शारदीय नवरात्र की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं। कुण्डा के सबसे प्राचीन दक्षिण मुखी आदिशक्ति पीठ मां महामाया मंदिर में क्वार नवरात्रि के पावन पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्योति क्लश प्रज्वलित कराने मंदिर की साफ सफई व पोताई अंतिम दौर में चल रहा है। आदिशक्ती मां महामाया के पुजारी ने बताया कि नवरात्रि के इस पुनीत अवसर पर 03 अक्टूबर से ज्योति क्लश मां के चरणों में प्रज्जवलित कराई जायेंगी। उन्होंने बताया कि दक्षिण मुखी मंदिर में आदिशक्ति मां महामाया प्राचीन समय से विराजमान हैं। यहां प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि मे ज्वांरा का कार्यक्रम व क्वार नवरात्रि में श्रृद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति क्लश प्रज्ज्वलित कराए जाते हैं। ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों की सहयोग से मां महामाया मंदिर में विगत कई वर्षो से यहां अखण्ड ज्योति क्लश प्रज्ज्वलित है जिसके दर्शन हेतु दूर-दूर से भक्तगण आते है नवरात्रि का पर्व समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है।

# नवरात्रि पर्व पर भव्य जगराता 5 अक्टूबर को

■ सुप्रसिद्ध जसगीत गायक प. विवेक शर्मा देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नवरात्र पक्ष के पावन अवसर पर धर्म नगरी कवर्धा में इस वर्ष माता रानी का दिव्य एवं भव्य जगराता का आयोजन किया जा रहा है। धर्मनगरी कवर्धा की सनातन संस्कृति जगराता उत्सव समिति के द्वारा आयोजित इसजगराता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जस गीत सम्राट एवं लोकगीत गायक पंडित विवेक शर्मा द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी।



समिति के संयोजक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यह जगराता केवल एक कार्यक्रम नहीं है, इस कार्यक्रम के माध्यम से हम कवर्धा के लोगों को संदेश देना चाहते हैं की, कवर्धा की सनातनी जनता अपने मान बिंदुओं की रक्षा करने हेतु नशा मुक्ति का संकल्प ले, इस हेतु इस महान आयोजन को हमने नशा मुक्त कवर्धा का भी नाम दिया है, ताकि आने वाले पीढ़ी नशा मुक्त होकर इस कवर्धा को समृद्धशाली, शक्तिशाली कवर्धा बना सके। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि कवर्धा अनेक देवी और देवताओं की पुण्य देवभूमि है और कवर्धा की सिद्धपीठ देवियों का आशिष हमे अष्टमी की अर्ध रात्रि को माता खप्पर के रूप में भी प्राप्त होती है, इन सिद्ध पीठ माताओं की भक्ति करने के लिए हमारी समिति के द्वारा एक भक्तिमय जगराता का आयोजन किया गया है।

जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन सम्राट जस गीत सम्राट एवं लोकगीत गायक पंडित विवेक शर्मा के द्वारा भक्ति में जगराता आयोजित की गई है। पंडित विवेक शर्मा जिन्होंने मोला बेटा कहीं के बुला ले वह महामाई, दीवाना मैं दीवाना महाकाल का मैं दीवाना, मोर दुर्गा दुलौरिन दाई जैसे प्रसिद्ध देवी जस गीतों को कवर्धा के धर्मिष्ठ नागरिक सुनाने जा रहे हैं। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि जगराता का आयोजन 5 अक्टूबर को पीजी कॉलेज मैदान में रात्रि 8:00 बजे से प्रारंभ होगा।

इसके अलावा नवदुर्गा की महाआरती का भी इसमें आयोजन किया गया है, जिसमे सभी सनातनियों के हाथ में एक-एक दिया लेकर माता रानी की भक्ति मय आरती की जाएगी। श्री चन्द्रवंशी ने कवर्धा शहर एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर माता की भक्तिमय जगराता को सफल बनाने का आव्हान किया है।

# जिला भाजयुमो का सदस्यता रथ यात्रा 4 अक्टूबर से करेगा जिले में भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा कबीरधाम का जिला सदस्यता रथ यात्रा 4 अक्टूबर सुबह 9 बजे मां महामाया मन्दिर प्रांगण से प्रारंभ होगा। यह यात्रा पूरे 5 दिन जिले के 14 मंडल के अलग-अलग गांव, शहर, महाविद्यालय, कोचिंग संस्था, बाजार, सार्वजनिक स्थान में जाकर युवा, महिला, पुरूष, बहनों और हर जाति, समाज, हर वर्ग के लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ेंगे और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश में किए गए ऐतिहासिक कार्य चाहे वह धारा 370 हो या गरीबों के लिए पूरे देश में 4 करोड़ आवास हो, चाहे वह 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हो या फिर मात्र 10 वर्षो में 14 एम्स की इस स्थापना हो। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनिराम साहू ने बताया कि केन्द्र सरकार की इन योजनाओं और कार्यो का देखते हुए देश के हर वर्ग के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए आतुर है। आज भारत नेरन्द्र मोदी के नेतृत्व में और सशक्त और मजबूत हुआ है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद किसानों को 3100 धान और माताओं के 1000 रुपए की राशि प्रति माह विष्णु देव की सरकार द्वारा दिया जा रहा है। प्रदेश में 16 लाख आवास गरीबों के लिए भाजपा की विष्णु देव की सरकार कार्य कर रही है। जिससे प्रदेश के गरीबों में खुशी की लहर है। इस सदस्यता अभियान में प्रमुख रूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीराम साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री यात्रा प्रमुख सचिन गुप्ता, रवि राजपूत, खिलेश्वर साहू, तुकेश चंद्रवंशी, राजकुमार मेरावी, अजय ठाकुर, नीतीश चंद्रवंशी, हेमचन्द चंद्रवंशी, अमित वर्मा, नरोत्तम साहू, अश्वन साहू, मोहन ठाकुर, जलेश्वर वर्मा, राजेश दिवाकर, यात्रा सोशल मीडिया प्रभारी अजय यादव आदि अपना योगदान देंगे।

# जोगी आज लोहारीडीह के पीड़ितों से कवर्धा जेल में करेंगे मुलाकात

■ मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी 3 अक्टूबर गुरुवार को कवर्धा पहुंचेंगे। जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने बताया कि स्थानीय विधायक, उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री विजय शर्मा का स्थानीय जिला होने बावजूद बीते माह में यहां हत्या, लूट,चोरी जैसी अपराध बढ़ा है।



बीते 9 महिने मे 11 हत्या हो चुकी है। उन्होने कहा कि अब हमारा जिला कबीरधाम क्राइमधाम के नाम से जाना जाने लगा है, कानून व्यवस्था बिगड चूकी है। इन सभी विषय को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी नवरात्रि के प्रथम दिन कवर्धा आ रहे है। जहां वे कबीरधाम कि शांति, सद्भाव, सुरक्षा के लिए सबसे पहले 12.30 बजे मां विंध्यवासनी मंदिर में माता का दर्शन कर पूजा अर्चना करेंग। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे जिला जेल में पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। श्री जोगी 1.30 बजे लोहारीडीह घटना पर प्रेस कार्फ्रेंस रेस्टहॉउस मे करेंगे, 2.30 बजे वे कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौपेंगे। उसके बात कार्यकर्ताओ से भेट करेंगे। जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने जिला के सभी कार्यकर्ताओ से उपस्थित होने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर दिव्यांगों की मांग हुई पूरी, चेहरे में खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कवर्धा प्रवास के दौरान जिले के दिव्यांगों द्वारा की गई मांग पूरा होने से उनके चेहरे में खुशी झलक रही है। विगत दिवस 14 सितंबर को मुख्यमंत्री श्री साय के कवर्धा प्रवास के दौरान दिव्यांगों ने मोटराईज्ड ट्रायसायकल और सिलाई मशीन की मांग की थी। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आज जिला कार्यालय परिसर में ग्राम भलपहरी निवासी दिव्यांग साहेबलाल पटेल ने मोटराईज्ड ट्रायसायकल, ग्राम बिनौरी निवासी रामेश्वर कोशले कम्प्यूटर सेट और ग्राम श्रीमति तनु कोशले द्वारा सिलाई मशीन प्रदान किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार दिव्यांगों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर है और उनकी सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाएगा। दिव्यांगों को दिए गए ये उपकरण उनके लिए एक नई उम्मीद और अवसर के रूप में कार्य करेंगे। इस पहल से दिव्यांगों में खुशी और संतोष देखने को मिला, जो कि उनके अधिकारों और जरूरतों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने मोटराईज्ड ट्रायसायकल और सिलाई मशीन प्रदान करते हुए कहा कि यह कदम दिव्यांगों की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए उठाया गया है। यह उपकरण उन्हें न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, बल्कि उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा।




**नियुक्ति तिथि से पूर्ण पुरानी पेंशन सहित शासन के समक्ष रखी गई कई मांगे**

# सत्याग्रह पदयात्रा में शामिल होने पहुंचे जिले के सैकड़ों शिक्षक




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर जिले के सैकड़ो शिक्षकों ने राजधानी रायपुर के तूता में आयोजित सत्याग्रह पदयात्रा में शामिल हुए। मोर्चा के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्ण पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति, क्रमोन्नत व समयमान वेतनमान, सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति एवं केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ता की मांग को लेकर प्रदेशभर के हजारों शिक्षकों ने पदयात्रा कर शासन व सरकार का ध्यानाकर्षण किया। अब मांग पूरी नहीं किए जाने पर आगामी 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। रायपुर सत्याग्रह में प्रमुख रूप से संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, वकील बेग मिर्जा, अमित मिश्रा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, उमेश चन्द्रवंशी, विभीषण वर्मा, देवानंद चन्द्रवंशी, धरमप्रकाश मिश्रा, जयप्रकाश तिवारी, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, विनोद चन्द्रवंशी, चंद्रहास वर्मा, पुरषोत्तम धुर्वे, दुर्गा चन्द्रवंशी, शिव वर्मा, संतोष लांझेकर, नारायण पाण्डेय, सुरतिया साहू, राजेन्द्र निर्मलकर, रामसिंह साहू, रामकुमार धुर्वे, नरेश साहू, नरेंद्र चंद्रोल, रामेश्वर झरिया, कुमार चन्द्रवंशी, दीनमधुर वर्मा, बाल्मीकि धुर्वे, भीखू साहू, प्रकाश धुर्वे, राजेश साहू आदि उपस्थित थे।

# खम्हरिया में युवाओं ने ली स्वच्छता अभियान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

नेहरू युवा केंद्र कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत खम्हरिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कि जयंती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका नरेंद्र निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में परसोत्तम निर्मलकर महामंत्री भाजयुमो मंडल कुण्डा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। प्रियंका नरेंद्र निर्मलकर सरपंच ने सभी युवाओं को स्वच्छ भारत मिशन का शपथ दिलाई।

परसोत्तम निर्मलकर महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा मंडल कुंडा ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का शपथ हम सभी ने ली है। निश्चित रूप से आप सभी युवाओं के सहयोग से अपने गांव के साफ सफाई, श्रमदान के रूप में प्रतिदिन समय निकालकर स्वच्छता अभियान करेंगे। उन्होने कहा कि यह हम सभी युवाओं का संकल्प होना चाहिए।

नेहरू युवा केंद्र कवर्धा के द्वारा सभी युवाओं को एक-एक डायरी और पेन, टोपी बैच वितरण किया गया। कार्यक्रम में जितेन्द्र रजक, अंजू रजक, नागेश्वर कश्यप, आकाश निर्मलकर, नागेश्वर पात्रे, सूर्य रजक, ओमप्रकाश, विनोद, ब्रजेश, बडेलाल निषाद, आशिष निषाद, कोमल, शिवा निषाद, प्रदिप, राघव रजक, अंकित रजक, सुभाष, प्रहलाद शामिल थे।

